● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 167, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 27 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




केजरीवाल को अदालत से एक और राहत 5

भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया 6

## अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा, युद्ध के लिए योग्य बनाए रखना: मोदी

**कारगिल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिसव के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सच्चाई ये है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश का सामर्थ्यवान युवा भी मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएगा... मैं हैरान हूं कि कुछ लोगों की समझ को क्या हुआ है, उनकी सोच को क्या हो चुका है। ऐसा भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन के पैसे बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है।

मुझे ऐसे लोगों की सोच से शर्म आती है लेकिन मैं ऐसे लोगों से पूछना चाहता हूं कि आज मोदी सरकार के शासनकाल में जो भर्ती होगा क्या उसे आज ही पेंशन देनी होगी? उसे पेंशन देने की नौबत 30 साल में आएगी और तब तो मोदी 105 साल का हो चुका होगा। क्या तर्क दे रहे हैं? मेरे लिए दल नहीं देश सर्वोपरि है। हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सेना ने बीते वर्षों में कई साहसिक निर्णय लिए हैं। इसका एक उदाहरण अग्निपथ योजना भी है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना, निरंतर योग्य बनाना है। सेना को लोगों ने राजनीति का अखाड़ा बनाया। सेनाओं को घोटालों से कमजोर किया।

पीएम मोदी ने कहा कि



दशकों तक भारत की सेना की उम्र युवा होने पर चर्चा होती रही। लेकिन इस पर कोई समाधान नहीं किया गया। पहले कुछ लोगों का मानना था, सिर्फ नेताओं को सलाम करना। लेकिन हमारे लिए सेना का 140 करोड़ लोगों की आस्था, देशी की सुरक्षा की गारंटी।

अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युद्ध के लिए योग्य बनाए रखना है। विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि सरकार इस योजना से पेंशन के पैसे बचा रही है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि सेना पेंशन का पैसा बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है। लेकिन आज भर्ती हुए सैनिक को तीस साल बाद पेंशन मिलनी है। तब मोदी की उम्र 105 साल होगी। क्या तब भी मोदी सरकार होगी।

पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग देश के युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। उनका इतिहास साक्षी है कि उन्हें सैनिकों की कोई परवाह नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने 500 करोड़ की मामूली रकम दिखाकर हृहृहृ पर झूठ बोला। ये हमारी सरकार है, जिसने आरोप लागू किया। पूर्व सैनिकों को 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा दिए गए।

पीएम मोदी ने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं, राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं। हमारे लिए राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारे लिए 140 करोड़ लोगों की शांति सबसे पहले है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने संवेदनशील विषय को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है। कुछ लोग सेना के इस रिफार्म पर भी अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए झूठ की राजनीति कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सेनाओं में हजारों-करोड़ के घोटाले करके हमारी सेनाओं को कमजोर किया। ये वही लोग हैं, जो चाहते थे कि एयरफोर्स को कभी आधुनिक फाइटर जेट न मिल पाएं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने तेजस फाइटर प्लेन को भी डिब्बे में बंद करने की तैयारी कर ली थी।

## भारतीय सेना दुनिया की बेहतरीन सेनाओं में से एक : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस और रजत जयंती वर्ष पर भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की प्रतिमा पर नमन किया। डॉ. यादव ने शौर्य स्तंभ पहुंचकर शहीदों को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक परिसर में स्थापित सेना के टी-55 टैंक का लोकार्पण भी किया। शौर्य स्मारक में अब आमजन भी इस टैंक को देख सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्रोणाचार्य सभागार में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कार्यक्रम को संबोधित किया। राजधानी भोपाल में कारगिल विजय दिवस पर हुए मुख्य कार्यक्रम में आज शौर्य स्मारक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड्स ऑफ ऑनर दिया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग सुदर्शन चक्र



कोर, श्री प्रीतपाल सिंह, एनसीसी के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार के साथ ही 21 कोर भोपाल के अनेक अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेना एवं एनसीसी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय से हमारी सेना ने एक नया इतिहास रचा। यह विजय भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की पहचान है। युद्धों में कई बार हथियारों के आगे सेना का हौसला महत्वपूर्ण होता है, जो जीत की ओर ले जाता है। पराक्रम भारत की पहचान रही है। दुश्मन हमारे देश में विभिन्न कारणों और तरीकों से नष्ट-भ्रष्ट करने के उद्देश्य से आते हैं, लेकिन हमारे शौर्य के आगे वे टिक नहीं पाते। मिस्र और रोम जैसी पुरानी सभ्यताएं खत्म हो गईं। लेकिन भारत की हस्ती मिटती नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत और पाकिस्तान दो राष्ट्र बने। आज दोनों राष्ट्रों की तुलना करें, तो हम देखते हैं कि भारत की अच्छाईयां अलग स्थान दिलाती हैं।

## हमारा गठबंधन फेविकोल का जोड़: ललन

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार (26 जुलाई) को पांचवां दिन है। लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान पंचायती राज मंत्री ललन सिंह ने कहा- जेडीयू और टीडीपी चुनाव से पहले भाजपा के साथ है। ये प्री-पोल अलायंस है। हमारा अलायंस फेविकोल से जुड़ा हुआ है। ये हमेशा बना रहेगा।

ललन सिंह ने आगे कहा- हम पहले (इन्हीं) विपक्ष के साथ (बिहार में) थे। ये लोग गिद्ध की तरह थे। लेकिन अब छोड़कर जा चुके हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा- 99 का आंकड़ा



बड़ा खतरनाक होता है। लूडो खेला है तो जानते होंगे कि अगर सांप काट ले तो नीचे आ जाएंगे।

संसद से बाहर आने के बाद कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा- देश की संसद में सीधा सवाल पूछा गया कि सरकार एमएसपी कानून लाएगी या नहीं? जुलाई 2022 से 2024 तक एमएसपी कानून बनाने के लिए पीएम मोदी ने जो कमेटी बनाई थी, उसकी रिपोर्ट आई है या नहीं? देश के कृषि मंत्री ने इस जवाब को नकार दिया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मोदी सरकार ने आज संसद के पटल पर 72 करोड़ अन्नदाता किसान और मजदूर का अपमान किया है।

हिमाचल की मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने कहा- हमारी अर्थव्यवस्था 10 साल में तेजी से बढ़ी है। इस बार का बजट देश के लिए है। विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। हमारे हिमाचल में बाढ़ आई।

## पुणे में 57 साल बाद 114 मिमी बारिश

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कई जिलों में तेज बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राज्य के 18 जगहों पर एनडीआरएफ और मुंबई, ठाणे, रायगढ़, पालघर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा और सांगली में एसडीआरएफ की तैनाती की गई है। पुणे में 24 घंटे में 114 मिमी बारिश हुई। यह 66 साल में तीसरा हाईएस्ट रहा।

इससे पहले 19 जुलाई 1958 को 24 घंटे में 130.4 मिमी और 27 जुलाई 1967 को 117.9 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यहां आज भी रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## एमपी-यूपी और छत्तीसगढ़ में भी अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार ने सेना के अग्निवीरों को राज्य पुलिस की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की है। कारगिल विजय के 25 साल पूरे होने पर तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी घोषणा की है। हालांकि आरक्षण कितना मिलेगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब सेना में सेवा के बाद वापस आएंगे तो उन्हें



राज्य पुलिस और फॉरेस्ट गार्ड की भर्ती में आरक्षण के साथ छूट दी जाएगी। दो साल पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ में अग्निवीरों को 10ब्न आरक्षण देने की घोषणा की थी। वहीं हरियाणा सरकार अग्निवीरों को 10ब्न आरक्षण देने का फैसला कर चुकी हैं। उत्तराखंड सरकार भी अग्निवीरों को आरक्षण देने का ऐलान कर चुकी है। सेना में अग्निपथ योजना के जरिए अग्निवीरों की भर्ती को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच टकराव चल रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इसे बंद करने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में इस योजना को बंद कर दिया जाएगा।

## ओलिंपिक से चंद घंटे पहले फ्रांस के रेल-नेटवर्क पर हमला

**पेरिस।** फ्रांस में ओलिंपिक गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी से करीब 10 घंटे पहले शुक्रवार सुबह 5 बजकर 15 मिनट पर ट्रेन नेटवर्क पर हमला हुआ। कई रेलवे लाइनों पर तोड़फोड़ की गई और तारों को जला दिया गया। रेलवे लाइनों पर हमला किसने और क्यों किया इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। फ्रांस की नेशनल रेलवे कंपनी एसएनसीएफ के मुताबिक, हमले के आधे घंटे के अंदर पेरिस से आने-जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कई ट्रेनें 90 मिनट तक देरी से चल रही हैं।

## आप का दावा-केजरीवाल का शुगर लेवल 50 तक गिरा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक शुक्रवार (26 जुलाई) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अरविंद केजरीवाल का ब्लड शुगर लेवल 50 हो गया है। पाठक ने कहा- उनकी हालत चिंताजनक है। वह चुने हुए सीएम हैं, उन पर कई लोगों का भरोसा टिका हुआ है। ऐसे व्यक्ति को जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। आप सांसद ने कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) कह रहे है कि केजरीवाल जानबूझकर कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्हें किसी डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। आप ने कहा है कि केजरीवाल के स्वास्थ्य और उनकी रिहाई को लेकर इंडिया ब्लॉक 30 जुलाई को जंतर-मंतर पर रैली करेगा। इसमें अखिलेश और तेजस्वी यादव शामिल होंगे। 25 जुलाई को दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बीजेपी पर केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

## कांग्रेस ने घोटाले किए, मोदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया: वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में कांग्रेस ने केवल घोटाले किए। उन्होंने सेना की जरूरतों पर कोई ध्यान नहीं दिया और केवल आयात पर निर्भर रही। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाकर आगे बढ़ाया।

वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई सुधार किए गए। रक्षा उपकरणों का देश में ही उत्पादन शुरू किया गया। साथ ही निर्यात का बढ़ावा देकर रक्षा क्षेत्र में बड़ी प्रगति की। कांग्रेस



शासन में सीमा पर सड़कों के निर्माण को लेकर केवल सवाल उठाए जाते थे। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के लिए 6800 किमी से अधिक सड़कें बनाई गईं।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत बुलेटप्रूफ जैकेटों का आयात करता था। मगर अब मोदी सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाया है। भारत में अब तोपें बन रही हैं और दूसरे देशों को निर्यात की जा रही हैं। देश में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ से अधिक हो गया है। सबसे बड़ी खास बात यह है कि भारत में बनने 80 फीसदी रक्षा उपकरण निर्यात किए जा रहे हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस के शासन में केवल घोटाले हुए। जबकि भाजपा ने हमेशा राष्ट्र प्रथम के ध्येय के साथ काम किया है। चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ की नियुक्ति करके सेना के साथ मिलकर काम करने और कमांडो थिएटराइजेशन जैसे तमाम सुधार कार्य किए। इन सुधारों के परिणाम अब नजर आने लगे हैं। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के बाद सेना और सशस्त्र बलों की 70 फीसदी जरूरतों को देश में ही पूरा किया जा रहा है।

### परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर द्वीप समूह

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस सरकार में प्रमुख स्थलों के नाम एक विशेष परिवार के नाम पर रखे जाते थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंडमान-निकोबार में द्वीप समूहों के नाम परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखे।

## सुप्रीम कोर्ट का केरल और बंगाल के राज्यपालों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (26 जुलाई) को केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों के सचिवों और गृह मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। नोटिस अलग-अलग याचिकाओं में के लिए दी गई है, लेकिन दोनों याचिकाएं विधानसभाओं से पास बिल रोकने को लेकर हैं।

पश्चिम बंगाल के राज्यपास सीवी आनंद बोस ने विधानसभा से पास 8 बिल रोक रखे हैं। इसी तरह केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सात बिलों को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए रोक रखा है। इसके खिलाफ राज्य सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने मामले से संबंधित पक्षों को नोटिस भेजकर तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जब भी इस तरह के मामलों की सुनवाई होती है, तो कुछ बिल पास कर दिए जाते हैं। उन्होंने तमिलनाडु में भी इसी तरह के मामले का जिक्र किया।

## बिजली अधिकारियों से मारपीट करना और बिल नहीं भरना पड़ेगा महंगा

**भोपाल।** अब बिजली अधिकारियों के साथ मारपीट करना, बिजली चोरी करने के साथ ही बिल जमा नहीं करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी। दरअसल इन सभी बिजली के मामलों का निराकरण करने के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति में अपर मुख्य सचिव से ऊर्जा विभाग मनु श्रीवास्तव को अध्यक्ष बनाया गया है। गठित की गई समिति के माध्यम से ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान की जाएगी जो जानबूझकर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते हैं। विद्युत चोरी पकड़ने और बकाया राशि की वसूली के दौरान बिजली कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ अभद्रता की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। समिति शासकीय विभागों और शासकीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों पर विद्युत कंपनी की बकाया राशि का भुगतान तय करेगी।

अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

## सुलतानपुर कोर्ट में पेश हुए राहुल गांधी, दर्ज कराए बयान

**सुलतानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। यहां उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में बयान दर्ज करवाए। मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान राहुल गांधी ने राजनीतिक प्रतिद्वंदी के चलते उन्हें फंसाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में प्रेस वार्ता के दौरान ऐसा कोई बयान नहीं दिया था।

2018 में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान 8 मई को राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इसके बाद सुल्तानपुर के बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने मानहानि का मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में सुल्तानपुर कोर्ट ने पिछले साल दिसंबर में राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को सुल्तानपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। अदालत ने पचीस-पचीस हजार के दो बॉन्ड पर उन्हें जमानत दे दी। इसके बाद पहली तारीख दो मार्च थी। फिर 13 मार्च, 22 मार्च, 2 अप्रैल, 12 अप्रैल, 2 मई, 14 मई, 27 मई, 7 जून, 18 जून और 26 जून थी, लेकिन राहुल गांधी अदालत में उपस्थित नहीं हुए।

## राज्यसभा में गूंजा एमएसपी पर कानूनी गारंटी का मुद्दा

### कृषि मंत्री बोले-समाधान पर काम कर रही सरकार, किसानों की सेवा भगवान की पूजा करने जैसा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को किसानों को एमएसपी पर कानूनी गारंटी का मुद्दा गूंजा। इस पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जब अपनी बात रख रहे थे, तभी कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने हंगामा किया और सदन की कार्यवाही बाधित की।

प्रश्नकाल के दौरान हंगामा तब शुरू हुआ, जब चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रणाली को मजबूत करने पर विचार कर रही समिति के बारे में बात की। लेकिन फसलों के समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी के बारे में बात करते हुए रुक गए। कृषि मंत्री की टिप्पणी के बाद रणदीप सुरजेवाला और जयराम रमेश सहित कांग्रेस सांसदों ने यह कहते हुए विरोध किया



कि चौहान का जवाब अधूरा है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की और कहा कि मंत्री ने विस्तार से जवाब दिया है और अगर सदस्य संतुष्ट नहीं हैं, तो उन्हें जवाब मांगने के लिए उपलब्ध रास्ते का उपयोग करना चाहिए।

धनखड़ ने सदस्यों से बार-बार कार्यवाही को जारी रखने के लिए कहा और सदन को बाधित करने वाले सदस्यों का नाम लेने की चेतावनी भी दी। नियम के मुताबिक, सभापति की ओर से जिस सदस्य का नाम लिया जाता है, उसे शेष दिन के लिए सदन से बाहर जाना होता है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी जारी रखी। जिससे कुछ और मिनटों के लिए कार्यवाही बाधित हुई। इससे पहले, सवालों के जवाब में चौहान ने कहा कि सरकार ने एमएसपी पर एक समिति का गठन किया है और रिपोर्ट पेश होने के बाद सिफारिशों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि किसानों की सेवा करना हमारे लिए भगवान की पूजा करने जैसा है। चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री से बड़ा कोई किसान हितैषी नहीं है। उन्होंने कहा कि एमएसपी प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर सुझाव देने के लिए समिति बनाई गई है। इसके अलावा, समिति को कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) को अधिक स्वायत्ता देने की व्यवहारिकता और इसे और अधिक वैज्ञानिक बनाने के तरीकों की जांच करने को कहा गया है।

इस समिति की बैठकें नियमित रूप से की जा रही हैं। 22 जुलाई 2022 से समिति की छह बार बैठक हो चुकी है। इसके अलावा, विभिन्न उप समितियों की 35 बैठकें भी आयोजित की गई हैं। चौहान ने कहा, समिति जब भी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, सरकार उसकी समीक्षा करेगी। इस सवाल पर कि क्या सरकार किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देना चाहती है या नहीं, मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के लिए कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि किसानों को उचित मूल्य देने के लिए एमएसपी दरों में नियमित रूप से वृद्धि की गई है। किसानों को उचित एमएसपी देने के लिए सरकार की छह सूत्रीय रणनीति है। इसमें कृषि उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत कम करना, उपज का उचित मूल्य देना, प्राकृतिक आपदाओं के कारण नुकसान की भरपाई करना, कृषि का विविधीकरण और जैविक खेती शामिल है।

# देवरा व पिपरझर की कार्यवाही पर खड़े हो रहे सवाल

## खनिज अमला की जब्ती पर किसको फायदा, सहकार ग्लोबल कंपनी का ठेकेदार लूट रही वाहवाही

### बलियरी, देवरा के साथ पिपरझर की जब्ती रेत का कौन होगा मालिक



**सिंगरौली।** खनिज विभाग के द्वारा बीते दिवस जिला मुख्यालय बैढ़न से चंद कदम दूरी स्थित बलियरी में लाखों रुपए की रेत पर छापा मार करवाई की गई थी। वही चितरंगी के देवरा और पीपरझर में भी कार्यवाही करते हुए तकरीबन 15 लख रुपए की रेत खनिज अमला ने जप्त कर ठेका कंपनी सहकार ग्लोबल को फायदा पहुंचा रहा है । इस पूरे कार्यवाही में खनिज अमले के जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता साफ नजर आ रही है।

इधर बता दे कि तहसील चितरंगी क्षेत्र के देवरा व पिपरझर में सोन नदी से पिछले कई दिनों से चल रहे रेत खनन को अधिकारियों ने रोकने की जरूरत नहीं समझी। अब लाखों की रेत को जब्त कर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहे हैं। राजस्वए खनिजए पुलिस व सोन घडियाल की संयुक्त टीम की ओर से की जा रही इस कार्रवाई में ठेका कंपनी को प्रत्यक्ष रूप से फायदा हो रहा है। कंपनी को बिना खनन के लाखों रुपए की रेत मिल रही है। चितरंगी में रेत खनन की लगातार शिकायत मिल रही थीए लेकिन अधिकारियों की नींद तब टूटीए जब वहां लाखों रुपए की रेत डंप हो गई। गुरुवार को पहुंची संयुक्त टीम ने देवरा व पिपरझर में विभिन्न स्थानों से 15 लाख रुपए की 3910ण12 घन मीटर रेत जब्त किया है।अधिकारी नियमों का हवाला देते हुए अब ये रेत ठेका कंपनी को देने की तैयारी में हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बरगवां के एक कारोबारी ने ग्रामीणों की मदद से देवरा में 170 ट्राली व पिपरझर में 629 ट्राली रेत डंप कराया है। ज्यादातर रेत शासकीय भूमि में डंप की गई थी।

### बलियरी में हुई कार्यवाही पर कई सवाल

चितरंगी के अलावा बलियरी में डंप की गई रेत का किस्सा भी कुछ ऐसा ही है। रेत खनन के दौरान कार्रवाई करने के बजाए अधिकारी चुप्पी साधे रहे। इसके बाद पिछले सप्ताह रेत जब्ती की कार्रवाई की शुरू की गई। करीब चार दिन चली कार्रवाई में अधिकारियों ने साढ़ 7 लाख से अधिक की रेत जब्त की है। ये रेत ठेका कंपनी को दे दी गई। कहीं ना कहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कार्य प्रणाली के चलते साहकार कंपनी को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

### ठेका कंपनी को क्यों सुपुर्द की गई रेत

पहले खनन के दौरान तमाशबीन बने रहना और फिर रेत जब्त कर ठेका कंपनी को सुपुर्द कर देने की कार्रवाई संदेह के घेरे में आ रही है। सवाल उठता है कि कहीं ये सिस्टम का सुनियोजित प्लान तो नहीं है। सवाल यह उठता है कि जब चितरंगी में सोन घडियाल की रेत पर खनिज विभाग ने कार्यवाही की है जबकि यह रेत सोल घडियाल विभाग की है। ठीक है खनिज विभाग ने कार्यवाही की लेकिन सोन घडियाल की रेत को रेत ठेका कंपनी साहकार ग्लोबल को कैसे सौंप दिया गया।

### इनका कहना है

*शासन की जो गाइडलाइन है, उसे गाइडलाइन के अनुसार जिले में जो रेत का ठेका लिया है। उसी को कार्रवाई की जप्त रेत को सुपुर्द करना है। नियमानुसार ऐसा ही किया गया है। किसको फायदा होता है और किसको नहीं। यह हम नहीं कह सकते।*

**एके राय**
**खनिज अधिकारी सिंगरौली**

# कलेक्टर के पहल पर बरका के किसानों के धान का बकाया राशि का हुआ भुगतान

**सिंगरौली।** उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा ने जानकारी देते हुयें बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. बरका के किसानो के धान के बकायें राशि का भुगतान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के पहल पर किया गया है। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति मर्या. बरका में धान खरीदी वर्ष 2023-24 में 66 किसानों का भुगतान 80.65 लाख रूपयें लंबित था। इस आशय की जानकारी कलेक्टर के संज्ञान में आते ही नागरिक आपूर्ति निगम को भुगतान हेतु निर्देशित किया गया। नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा 11 जून 2024 को 21 लाख रूपयें उपलंब्ध कराया गया जिससे 38 किसानों का भुगतान किया गया तथा 24 जुलाई 2024 को 59 लाख रूपयें उलंब्ध कराया गया जिससें शेष बचे 28 किसानों का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बरका समिति के सभी किसानों का धान का लंबित भुगतान कर दिया गया है।

# पुलिस का दावा, विशेष अभियान से सड़क दुर्घटनाओं मे आई कमी

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा जिला सिंगरौली एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में, समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार वर्ष 2024 में जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ यातायात प्रर्वतन की नियमित रूप से कार्यवाही की है।

पुलिस अधीक्षक सिंगरौली का पदभार ग्रहण करने के उपरांत ही जिले में वर्ष 2022 एवं 2023 में घटित सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लिया जाकर उनकी रोकथाम तथा यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाये रखने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं वाहन चालकों को सतर्क करने हेतु जिले के थाना क्षेत्रों में वाहन दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित किया जाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के संकरे पुलों की रेलिंग, रोड के किनारे स्थित पेडों, डिवाइडर, बिजली के पोल, चट्टानों, स्टॉपर इत्यादि स्थानों पर रेडियम टेप व चेतावनी, संकेतक बोर्ड लगाये जाने हेतु जिला स्तरीय विशेष अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान रेडियम टेप लगाने का मुख्य उद्देश्य है कि रात्रि के समय वाहन चालकों को रोड के आसपास स्थित पुल, डिवाइडर का पता लग सके और असमय होने वाली वाहन दुर्घटनाओं को रोका जा सके। रात्रि के समय अक्सर वाहन चालकों को नजर नहीं आता, ऐसे में दुर्घटना होने की संभावना रहती है, जिससे कई बार कई लोगों की जान तक चली जाती है, क्योंकि रेड रिफ्लेक्टर टेप लगने से रात के समय नजर आते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना कम रहती है। वाहनों पर रेडियम रिफ?लेक्टर लगे होने के कारण वाहन चालक आवश्यक सतर्कता बरतने से उक्त कारणों से होने वाली वाहन दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एंव आम जनता को जागरुक किये जाने हेतु सिंगरौली पुलिस द्वारा यातायात रथ के माध्यम से, संपूर्ण सिंगरौली जिले में यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार एल.ई.डी. हाईड्रोलिक बैन के माध्यम से विडियों क्लिप दिखाकर जागरुक किया गया। इसके अतिरिक्त जगह-जगह नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को हेलमेट लगाये जाने हेतु प्रेरित किया गया, यातायात संबंधी स्लोगन, दुर्घटनाओ के आकंडे युक्त होडिन्स, बैनर, पोस्टर लगाये गये, आम जनता को जागरुक किये जाने हेतु लगातार विभिन्न चौराहों पर भ्रमण कर पम्पलेट वितरण किये जाने के साथ-साथ यातायात नियमों के पालन करने हेतु समझाईस दी जा रही है। आम जनता से लगातार अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का पालन करे एवं सडक दुर्घटनाओं से बचें, भारी वाहनो के हेड लाईट के ऊपरी भाग को यातायात पुलिस द्वारा कराया जा रहा है। वाहन चालको को लो बीम लाईट का उपयोग किये जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है

सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु किये गये प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2023 में दिनांक 16.03.2023 से 15.07.2023 तक एवं 2024 में दिनांक 16.03.2024 से 15.07.2024 तक की स्थिति में जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा करने पर पाया गया कि वर्ष 2023 में कुल 248 प्रकरणों में मृतकों की संख्या 80 है व घायलों की संख्या 288 रही हैं तथा वर्ष 2024 में कुल 236 प्रकरणों में मृतकों की संख्या 66 है एवं घायलों की संख्या 211 रही है। जिससे स्पष्ट है कि विगत वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरणों में कमी आई है एवं मृतक व घायलों की संख्या में भी कमी परिलक्षित हुई है।

# गठित दल के अधिकारी अपने सेक्टर की जॉच कर पालन प्रतिवेदन दे: कलेक्टर

**सिंगरौली।** शिक्षा की गुणवात्ता में कसावट लाने उद्देश्य से तथा विद्यालयों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति को दृष्टिगत रखने कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा सेक्टर अधिकारियों का गठन किया गया है जो अपने अपने सेक्टरों में स्थित विद्यालयों , आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक रूप से निरक्षण करेंगे। विद्यालय समय पर खुला है की नहीं, शिक्षक समय पर उपस्थित है की नहीं, पठन पाठन का कार्य , गणवेश वितरण के साथ साथ , बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन में गुणवात्ता आदि की जॉच कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे साथ ही विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का भी प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

# सरई क्षेत्र में शव वाहन व अन्य मूलभूत सुविधाओं हेतु मां धनौजा भैरव सेवा संस्थान घोघरा ने विधायक व कलेक्टर को दिया मांग पत्र

## सरई क्षेत्र में शव वाहन उपलब्ध कराने का किया मांग

**सिंगरौली**

जिले के सरई तहसील अंतर्गत सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने वाली भैरव समित ने कहा कि नगर परिषद् सरई का गठन वर्ष 2022 मे हुआ लगभग ढाई वर्ष बीत गये लेकिन नगर परिषद् सरई में कुछ मूलभूत समस्या जैसे बस स्टैंड न होना, सब्जी मंडी न होना,जिसके करण बाजार में सड़क किनारे सब्जी की दुकान लगाया जाता है जो जाम का कारण बनता है। व अभी तक नगर परिषद में शव वाहन नही है सरई नगर मे कोई घटना हो जाता है। तो शव को कचरा वाहन से लाया जाता है। क्षेत्र में रोजगार न होने से युवा मजदूर रोजगार के तलाश में बडे महानगर,राज्य महाराष्ट्र व गुजरात जैसे राज्यो मे पलायन करते है।

कतिपय कारणो से मृत्यु की दशा मे शव को परिजन तक लाने मे परिजनो को बड़ी मशक्कत करनी पडती है। समाज के सहयोग से व निजी बाहनो से शव को लाया जाता है। वर्तमान मे दो घटनाए सरई नगर परिषद् क्षेत्र मे घटित हो चुकी है। भविष्य में ऐसे स्थिति न आए। उक्त समस्त समस्याओं को लेकर कलेक्टर व विधायक देवसर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए माँ धनौजा भैरव सेवा संस्थान-घोघरा ने मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग किया कि नगर परिषद् सरई को शव वाहन उपलब्ध कराया जाये।

# एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा फुटबाल किट का किया गया वितरण

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत समय-समय पर परियोजना परिसर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न कार्य किए जाते रहते है। इसी कड़ी मे एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा गर्ल इंटर-डिपार्टमेंट फुटबॉल टूर्नामेंट के विजयी प्रतिभागियों को फुटबाल किट का वितरण किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर ने हाल ही में गर्ल जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट को आयोजित करके खेल को बढ़ावा देने और युवा एथलीटों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इस टूर्नामेंट में कई प्रतिभाशाली टीमों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें एक टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय फाइनल में राज्य का प्रतिनिधित्व



करने का सम्मान अर्जित किया। जिसके समर्थन में एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर टीम ने 25 चयनित टीम को एक संपूर्ण फुटबॉल किट भेंट की, यह पहल न केवल युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए कंपनी के समर्पण को उजागर करती है, बल्कि खेलों में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व पर भी जोर देती है।इस साहसिक पहल का नेतृत्व विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार ने किया, जिन्होंने ऐसी प्रभावशाली सीएसआर गतिविधियों को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा के महत्वपूर्ण योगदान के साथ युवा महिला एथलीटों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई पहल को काफी गति मिली। प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन), महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर-आर एंड आर), शंकर सुब्रमण्यम, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) और निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) ने फुटबॉल किट वितरित की, जो युवा महिला एथलीटों के लिए एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देने की उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।यह सहयोगात्मक प्रयास एनटीपीसी विंध्याचल के खेल के माध्यम से सामुदायिक विकास और सशक्तिकरण के व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करता है, जिसमें मजबूत नेतृत्व इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# अनुसूचित जन जाति वर्गो के हितग्राही योजनाओं का उठाएं लाभ

**सिंगरौली।** कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि विभाग अंतर्गत स्वरोजगार के लिए संत रविदार स्वारोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडर आर्थिक कल्याण योजना तथा सावित्रि बाई फुले स्वा सहायता योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संत रविदास स्वा रोजगार योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को नवीन उद्यमों के स्थापना हेतु एक लाख से लेकर 50 लाख तक की राशि उद्योग विनिर्माण ईकाइ परियोजनाओं हेतु तथा सेवा ईकाइ एवं खुदरा व्यावसाई हेतु 1 लाख से 25 लाख तक की राशि बैंक द्वारा प्रति वर्ष 5 प्रतिशत अनुदान के साथ उपलंब्ध कराई जायेगी।

# सासन पुलिस ने प्लांट के अंदर घुस कर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, जिला सिंगरौली व पीएस परस्ते नगर पुलिस विंध्यनगर के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैढ़न निरीक्षक अशोक सिंह परिहार की सतत् निगरानी में रिलायंस पावर प्लांट सासन के अंदर घुसकर चोरी करने वाले युवक पर कार्यवाही की गई।

बीते 13 मई को अजय कुमार सिंह पिता अशर्फी सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी रावटसगंज हाल पता रिलायंस सासन पावर लिमिटेड ने लिखित आवेदन पत्र दिया कि 2 मई के शाम 6ः00 बजे से दिनांक 12 मई की सुबह 8ः00 बजे के बीच रात्रि में स्वीच यार्ड के बगल में रखे कंटेनर का ताला तोड़कर उसमें घुसकर अज्ञात चोरों के द्वारा केबल कापर वायर चोरी कर ले गया चोरी की गई कापर वायर की लंबाई 3 मीटर कीमती करीबन 10,000 रूपये आवेदक की रिपोर्ट पर चौकी सासन थाना बैढ़न में अज्ञात आरोपीयों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 702/ 2024 धारा 457,380 आईपीसी. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया तथा अज्ञात आरोपियों की पता तलाश किया गया जिसमे दिनांक 25/07/2024 को आरोपी मोहित साकेत पिता शंभू साकेत उम्र 29 वर्ष निवासी बरगवां को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेस किया गया। जिसे जेल भेज दिया गया हैं तथा अन्य आरोपियों की पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे उनि, प्रियंका मिश्रा, सउनि संतोष साकेत ,लेखचंद्र दोहरे प्रआर. बलराज सिंह, हेमराज पटेल ,फूल सिंह ,मो.कौशर आर. राजकुमार शाक्य ,मुकेश पटेल,जितेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# आयुष्मान से इलाज के बाद भी मरीज से लूट, फिर विधायक ने वापस कराया रूपया

**सिंगरौली।** जिले में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों से इलाज के नाम पर लूट हो रही है। आयुष्मान योजना से इलाज के बाद भी मोटी रकम वसूल की गई। ऐसा ही एक मामला बैढ़न के वंदना हॉस्पिटल का सामने आया है। आयुष्मान कार्ड धारक ने इसकी शिकायत मंडल अध्यक्ष से की है। मंडल अध्यक्ष ने इस बात की शिकायत देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम से की। जहां विधायक के तेवर देखने के बाद अस्पताल संचालक ने ली गई रकम चेक के जरिए वापस कर दिए।

# आयुक्त के आदेश की नाफरमानी,शिक्षा विभाग चला रहा अपनी अलग सरकार!

### आखिर अपना सम्मान बचाने के लिए क्या करेंगे आयुक्त

### शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

**सिंगरौली।** शासन के नियम निर्देशों को ताक पर रख मनमानी के आदी हो चुके जिले के अधिकारियों को लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशों को हल्के में लेना महंगा पड़ने वाला है या सस्ता यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन अधिकारियों ने शासन के आदेशों की नाफरमानी पहली बार नहीं लगता देखने को आ रही है। वहीं अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर आयुक्त अपना सम्मान बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाएंगे। गौरतलब है कि जिले के सरकारी स्कूलों में अटैचमेंट का खेल बंद करने स्कूल शिक्षा विभाग में कई बार आदेश जारी किया गया था। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत सीईओ को कड़े निर्देश जारी किए थे।विभाग ने जिले के सभी जिला कलेक्टरों को तत्काल प्रभाव से अटैचमेंट (संलग्नीकरण) खत्म करने का निर्देश भी दिया था। पत्र में स्पष्ट किया गया था कि,जो शिक्षक अटैचमेंट का लाभ लेकर दूसरे स्कूलों में हैं, या फिर अन्य किसी विभाग में कार्यरत हैं उन्हें उनके मूल यानी मूल स्कूल में तत्काल भेजा जाए। बावजूद इसके जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को ना तो लोक शिक्षण आयुक्त का डर हैं और ना ही बच्चों की भविष्य की चिंता है। वह अपने सुविधा और लाभ को प्राथमिकता में रख अपनी खुद की ही सरकार चलाने पर आमादा है।

## कलेक्टर ने वीसी के मध्यम से की राजस्व महाअभियान के प्रगति की समीक्षा

# अविवादित नामंतरण के सभी प्रकरण निराकृत करें : शुक्ला



**सिंगरौली।** जिले में 8 जुलाई से 31 अगस्त 2024 राजस्व महाअभियान 2.0 तक चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा वीसी के मध्यम से जिले के सभी उपखंड अधिकारियो सहित तहसीलदार , नयब तहसीलदार राजस्व निरीक्षकों से अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए की राजस्व अभियान के दौरान किए जाने वाले सभी विंदुओं का निराकरण शत प्रतिशत किया जाना है। जिसके तहत अविवादित नामान्तरण के सभी प्रकरण निराकृत करें। उन्होंने निर्देश की नक्शा तरमीम के जो भी प्रकरण लंबित हो उन्हें निराकृत करे एवं बटनवारा, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सम्बन्ध में ई केवायसी के प्रकरणों का भी जल्द से जल्द निराकरण करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए की एसडीएम एवं तहसीलदार अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें। अभियान के दौरान बी 1 का वचन करवाया जाए तथा फौती नामातरण के सभी प्रकरण दर्ज कराएं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा की हमें अपनी क्षमताओं का उपयोग कर महाअभियान में जिले को टॉप 5 रैंक लाना होगा । बैठक दौरान अपर कलेक्टर पी के सेनगुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, एसडीएम सिंगरौली सृजन वर्मा, एसडीएम माडा राजेश शुक्ला , डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, लोकसेवा प्रबंधक रमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# आदिवासी वनाधिकार पटटेधारको को बीट गार्ड ने कृषि कार्य हेतु रोका

**सिंगरौली।** जिले के वन परिक्षेत्र बरगवां के ओबरी बीट गार्ड अखिलेश शुक्ला के द्वारा आदिवासीयों वनाअधिकार पेटटेदारो को कृषि कार्य हेतु रोका जा रहा है आदिवासी बाहुल्य ओवरी के गुरमटिया टोला का मामला बताया जा रहा है बताते चलें कि लगभग 70 साल से यहां लोग अपना घर बनाकर रह रहे हैं एवं कृषि कार्य कर रहे हैं लगभग 70 फीसदी लोगों को वनाअधिकार पटटा मिला है। ग्रामीणों की माने तो अभी तक कोई बीट गार्ड इस तरीके का कृषि कार्य हेतु नहीं रोका लेकिन पिछले वर्ष आए बीट गार्ड अखिलेश शुक्ला के द्वारा



आदिवासी गरीब लोगों को कृषि कार्य हेतु रोक कर उनके पेट पर लात मारने का काम किया जा रहा है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि बीट गार्ड के द्वारा बस्ती में कर वसूला जाता है जो राजाओं के जमाने में वसूला जा रहा था सभी लोग कैमरे के सामने आकर यह बताएं कि जंगल चौकी के चौकीदारों के माध्यम से बीट गार्ड पिछले हफ्ते सभी के घर में जाकर कर वसूला है 50-50 रुपए एवं अनाज मांग रहा है ।कई कृषक इस वर्ष अपने जमीन में पानी पीने के लिए बोर कराए उनसे भी बीट गार्ड लगभग 15000 लिए हैं इस तरीके से बीट गार्ड की मानसिकता रूढ़िवादिता को बढ़ावा देता है जिससे लोग मानसिक रूप से गुलाम हो जाते हैं वन मंडल अधिकारी से ग्रामीणों ने गुहार लगाया है की ऐसे भ्रष्ट बिट गार्ड को जल्द से जल्द हटाया जाए एवं उनके जीवन जीने के लिए एकमात्र जमीन को उनसे छीना न जाए। क्योंकि वह लगभग 70 साल से यहां वास करते हैं और यह जमीन राजस्व विभाग के नक्शे में भी दर्ज है इस हिसाब से जंगल विभाग का हस्तक्षेप करना जायज नहीं है ग्राम ओवरी के पटवारी से बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि वह जमीन राजस्व के भी नशे में दर्ज है।इस मामले में वन विभाग के बीट गार्ड के सीनियर से बात किया गया तो उनके द्वारा कहा गया कि इस तरीके का आदिवासियों के साथ व्यवहार करना गलत है। बिट गार्ड से फोन के माध्यम से बात की तो उनके द्वारा बोला गया कि ट्रैक्टर से किसी को कृषि नहीं करने देंगे बैल से जुताई करें तो ठीक है वरना कार्यवाही कर दूंगा ट्रैक्टर सड़ जाएगा। जंगल विभाग में जब उनसे कर वसूलने वाली बात पूछी गई तो उन्होंने साफ मना कर दिया। एक चौकीदार से फोन के माध्यम से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि बात सही है मुंशी के कहने पर हम सब लोग सभी के घर में जाकर अनाज व कुछ रुपए वसूल किए हैं जो मुंशी को सौंप दिए।

# कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर पार्टी कार्यालय से गांधी चौक होते हुए स्थानीय मानस भवन तक मशाल जुलूस भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य एवं मोर्चे के अध्यक्ष निशांत मिश्रा की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिसमें विशिष्ट रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, मोर्चे के जिला प्रभारी सूर्य प्रकाश तिवारी उपस्थित रहे।




मशाल जुलूस के समापन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारी सेवा के अद्भुत पराक्रम की कहानी है। हमारी सेना विश्व विजेता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारे सैनिक दुनिया से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। आज हमारी सेवा स्वावलंबी और आत्मनिर्भर की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है। आज दुनिया भारत की तरफ आशा और विश्वास भरी निगाहों से देख रही है।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर कारगिल में शहीद हुए शहीदों के सम्मान में मशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि मशाल जुलूस के दौरान सैनिकों के सम्मान में, युवा मोर्चा मैदान में। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जिंदाबाद। हमारे सैनिक विश्व विजेता, अमर शहीद, अमर रहे अमर रहे जैसे जोरदार नारे लगते रहे। मसाल जुलूस में प्रमुख रूप से भाजपा भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अनिल पांडे, सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री विनोद साकेत, सुनीता रानी वर्मा, अमित प्रधान, राकेश मौर्य, आगा मंसूर अली खान, राजमणि साहू, मुनिराज विश्वकर्मा, शक्ति वर्मा, विक्रमादित्य मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, शिवम सिंह, कृष्णा तिवारी, सौरभ द्विवेदी, जितेन्द्र सिंह परिहार, नीरज द्विवेदी, दिलीप सोनी, विनय द्विवेदी, आयुष पांडे, प्रदीप मिश्रा, राजेश पटेल, सतीश सोनी, रितेश गुप्ता, शिवांश सिंह, ऋतिक तिवारी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में औसत वर्षा 323.7 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा कुसमी में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 26 जुलाई को सीधी जिले में 15.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 29.0 मि.मी., चुरहट में 1.0 मि.मी., गोपद बनास में 4.6 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 71.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 323.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 26 जुलाई तक तहसील कुसमी में सर्वाधिक वर्षा 436.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 433.6, चुरहट में 264.8, गोपद बनास में 238.8, सिहावल में 338.2, बहरी में 181.6 और मझौली में 373.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 280.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 43 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# कलेक्टर ने किया चुरहट एवं रामपुर नैकिन में राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण

### दो रीडरों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के दिए निर्देश

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत उपखण्ड चुरहट अंतर्गत तहसील चुरहट एवं तहसील रामपुर नैकिन के राजस्व न्यायालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। न्यायालय तहसीलदार चुरहट एवं न्यायालय नायब तहसीलदार पटपरा के निरीक्षण के दौरान नामान्तरण प्रकरण 01 वर्ष से अधिक लंबित होने, प्रकरणों के विधिवत संधारण न किये जाने एवं प्रकरणों में आदेश होने के बाद अभिलेख अद्यतन करने संबंधी रिपोर्ट न लगाये जाने के कारण प्रवाचक न्यायालय तहसीलदार चुरहट रामहित्त तिवारी एवं प्रवाचक न्यायालय नायब तहसीलदार पटपरा रंजीत मार्को को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।



न्यायालय तहसीलदार रामपुर नैकिन, न्यायालय नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन व न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त हनुमानगढ़ के न्यायालयीन प्रकरणों का संधारण एवं निराकरण संतोषजनक था। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा न्यायालय में पारित आदेशों का अमल राजस्व रिकार्ड में कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं समस्त पीठासीन अधिकारियों को राजस्व महाअभियान में प्रगति लाने, नक्शा तरमीम के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को ई-केवाईसी लैण्ड समग्र लिकिंग के कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी शैलेष द्विवेदी, तहसीलदार चुरहट राकेश शुक्ला एवं तहसीलदार रामपुर नैकिन नितिन झोड़ उपस्थित रहे।

## सुविधाजनक हो हनुमानगढ़ तहसील मुख्यालय

### अजय सिंह ने वृक्षारोपण घोटाले की जांच और भवन का स्थान बदलने को कहा



**सीधी।** चुरहट से विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने उनके क्षेत्र में हनुमानगढ़ तहसील मुख्यालय के लिये बनने वाले भवन को पुराना पंप हाउस, मुख्य सड़क और स्टैंड के पास उपलब्ध जमीन पर बनाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर तहसील मुख्यालय के लिये भूमि पूजन किया जा रहा है वह सोन नदी के किनारे है। इस इलाके में न तो सड़क है और न ही आबादी है। ऐसे सुनसान स्थान पर तहसील भवन बनाया जाना अव्यवहारिक और आम लोगों के लिये असुविधाजनक है। सिंह ने कहा कि निहित स्वार्थ को साधने के लिये हनुमानगढ़ तहसील के भवन को मुख्य मार्ग और सबके लिये सुलभ स्थान पर न बनाकर ऐसे सुनसान स्थान पर बनाया जा रहा है। अजय सिंह ने कहा कि जिस जमीन पर भूमिपूजन किया गया है उसी जमीन पर पहले जेट्रोफा के पचास लाख के पौधों का रोपण किया गया था। फिर अभी पिछले साल भी सार्वजनिक वृक्षारोपण के नाम पर आर.ई.एस. से नब्बे लाख का वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए ही उसी स्थान पर तहसील भवन के लिये भूमि पूजन किया गया है।

# सांसद मिले लोक सभा अध्यक्ष से ,दी एक दूसरे को शुभकामनाएं

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा बजट सत्र के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला से मिलकर शानदार विजय श्री अर्जित करने एवं लगातार स्पीकर बनाने की शुभकामनाएं दी वही स्पीकर ओम बिडला ने नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा को विजय श्री अर्जित करने के लिए शुभकामनाएं दी और क्षेत्र की जनता का आभार व्यापित किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि स्पीकर ओम बिडला एवं सांसद डॉ राजेश मिश्रा की मुलाकात में गर्म जोशी देखी गई और स्पीकर बिरला ने नवनिर्वाचित सांसद डॉ राजेश मिश्रा



को संसदीय कार्य प्रणाली के विषय में चर्चा की।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झा के निधन पर सांसद ने जताया शोक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रभात झा के निधन पर लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने गहरा दुख एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुखद समाचार से मन अत्यंत दुःखी हैं। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने शोक संदेश में कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें। स्वर्गीय प्रभात झा एक अच्छे कार्यकर्ता, विचारक, कुशल संगठक, लेखक होने के साथ-साथ देश की राजनीति में अज्ञात शत्रु के रूप में हम सभी के दिलों में वास करेंगे।

## जिला अस्पताल में 3 दिवसीय एमएमए प्रशिक्षण हुआ संपादित

**सीधी।** सिविल सर्जन डॉ. एस बी खरे ने बताया कि जिला चिकित्सालय सीधी में सुरक्षित गर्भपात सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 3 दिवसीय मेडिकल मेथड अबॉर्शन का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



शासन के आदेशानुसार प्रशिक्षण में सीधी, शहडोल एवं सिंगरौली जिले के चिकित्सा अधिकारियों को बतौर प्रतिभागी शामिल किया गया था। प्रशिक्षण दिनांक 24 जुलाई से प्रारंभ कर दिनांक 26 जुलाई को समापन किया गया। समस्त प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई जे गुप्ता के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक डॉ. सुनीता तिवारी डीएचओ -1, डॉ. प्रभा तिवारी, डॉ. अंकिता सिंह के साथ संभागीय समन्वयक खालिद सिद्दीकी, संस्था आई पास भोपाल एवं जिले के एम एच को ऑर्डिनेटर रश्मि सोनी, नर्सिंग मेंटोर आशा साकेत उपस्थित रही।

# विद्युतीकरण का कार्य तेजी से पूर्ण कराए : कमिश्नर

### विद्युतीकरण के कार्यों में गतिरोध पर कमिश्नर ने दी चेतावनी

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद ने आज ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शहडोल संभाग में विद्युतीकरण का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने विद्युतीकरण का कार्य कर रही निर्माण एजेंसियों को चेतावनी दी है कि सभी निर्माण एजेंसियां विद्युतीकरण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कार्य योजना बनाकर काम करें। कमिश्नर ने कहा कि विद्युतीकरण फीडर सेपरेशन 33 के व्ही का काम समय सीमा में को पूरा करें। कमिश्नर ने विद्युतीकरण के कार्य की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कमिश्नर ने शहडोल संभाग में विद्युतीकरण के कार्य बड़ी संख्या में अधूरे रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निमार्ण एजेन्सियों को चेतावनी दी है कि विद्युतीकरण के कार्य तेजी से पूर्ण कराएं अन्यथा निर्माण एजेन्सियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होगी। कमिश्नर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग के अधूरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के लिए हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। उन्होनें अधिकारियो को और निर्माण एजेन्सी के सदस्यों से कहा है कि विद्युती करण के कार्यों में संतोष जनक प्रगति नही हुई है। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि विद्युती करण के कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए एडवांस प्लानिंग करें निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कमिश्नर ने ऊर्जा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के लोगों को समुचित बिजली मुहैया कराएं। कमिश्नर यह भी निर्देश दिए हैं कि नागरिकों से कम वोल्टेज की शिकायत मिल रही है कमिश्नर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कम वोल्टेज की समस्या नहीं आना चाहिए इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि नागरिकों को भरपूर बिजली उपलब्ध होना चाहिए, ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी समुचित बिजली मिलना चाहिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्मार्ट मीटर के संबंध उपभोक्ताओं की संकाओं का भी समाधान करें। उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर के संबंध शंकाए हैं उन्हें दूर करें। बैठक में कमिश्नर ने फीडर सेपरेशन के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य अभियंता ऊर्जा विभाग श्री शिशिर श्रीवास्तव ने शहडोल में ऊर्जा विभाग द्वारा कराए जा रहे विद्युतीकरण के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग श्री दिनेश कुमार तिवारी, कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा, कार्यपालन अभियंता श्री बीपी पटेल एवं निर्माण एजेंसियों के सदस्य उपस्थित रहे।

## सी.एम.एच.ओ. ने डेंगू रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देषन में डेंगू निरोधक माह जुलाई 2024ष् में डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव प्रचार-प्रसार हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला शहडोल डॉ ए. के. लाल ने गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से जन जागरूकता हेतु डेंगू रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू रथ जिले के सभी विकासखण्डों में भ्रमण कर मच्छर जनित बीमारियों के बचाव एवं रोकथाम के बारें में



प्रचार-प्रसार किया जाएगा। डेंगू रथ को हरी झण्डी दिखाते समय जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सर्वलेंस अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला व्ही.वी.डी कसलटेंट, एम.ई.एण्ड ओ. तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संजय सोनी ने सीधी विधानसभा के ग्राम मूड़ी गांव में जनसमस्या सुनने पहुंचे

**सीधी।** संजय सोनी पूर्व सैनिक एवं भाजपा सीधी ओबीसी मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री ने बताया कि मैं आज दिनाँक 26 जुलाई को सीधी विधानसभा के ग्राम मूड़ी में जनता के आग्रह पर जनसमस्या सुनने के लिए पहुंचा लोगों ने बताया कि मूडी तालाब से रामगढ़ रोड में काफी कीचड़ और पानी होने के कारण रोड पूर्णतः अवरुद्ध है और स्कूली बच्चों, आम जनता और वाहनों का आवागमन पूर्णतः बाधित व अवरुद्ध है श्री सोनी के अनुसार ग्राम निवासी अंबिका प्रसाद मिश्रा और कामता कुशवाहा ने बताया की हम लोगों ने रोड के लिए 20 फीट से ज्यादा की जमीन दिया हूं और कई बार सरपंच से रोड बनवाने का आग्रह किया लेकिन सुनकर सिर्फ आश्वासन के



अलावा अभी तक कोई कार्य नही किए साथ ही ग्रामवासी श्रीमती मन्नू तिवारी ने बताया की माननीय विधायक श्रीमती रीती पाठक ने भी आश्वासन दिया है परंतु अभी तक रोड की मरम्मत नहीं हो पाई है जो कि अत्यंत आवश्यक है श्री सोनी ने बताया की मैने जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार से फोन पर बात करके मामले की जानकारी दे दी है और जनपद अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि जनपद अधिकारियों से बात करके रोड मरम्मत करवाने की कोशिश करूंगा हालांकि श्री सोनी ने सोशल मीडिया और फेसबुक में भी इस समस्या के बारे ने लाइव किया हुआ है और श्री सोनी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है की सरपंच और जनपद अधिकारियों से बात करके समस्या निराकरण जल्द से जल्द करने करवाने की कोशिश करूंगा और प्रशासन इस रोड की मरम्मत तत्काल प्रभाव से करने की पूर्ण कोशिश करे यह भी प्रशासन से अनुरोध है जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, वाहन और आम जनमानस का आवागमन सुगम हो सके।

इस अवसर पर कामता कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, मोनू खान, श्रीमती मन्नू तिवारी, पूर्व डॉक्टर अंबिका प्रसाद मिश्रा, विभा कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, मुन्नी कुशवाहा, आंचल कुशवाहा, श्याम सुंदर कुशवाहा सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सिविल अस्पताल ब्यौहारी का किया निरीक्षण, मरीजो से की चर्चा

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने आज सिविल अस्पताल ब्यौहारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में आए मरीजों से चर्चा की तथा अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर मरीजों ने बताया की हमे समय-समय पर खाने की वस्तुए, दवा व समय पर डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर ने बीएमओ को निर्देश दिए की सिविल अस्पताल ब्यौहारी में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा मरीजो का उपचार समय पर कराया जाए। कलेक्टर ने ओपीडी पंजीयन कक्ष का निरीक्षण करते हुए कहा कि आने वाले मरीजों की सूची रखे तथा कंप्यूटर की स्थिति भी सही कराए।

# कारगिल में शहीदों के घर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष,अर्पित की श्रद्धांजलि

**सीधी।** भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ कारगिल में शहीद हुए जवानों के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार जनों का सम्मान किया।



भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद स्वर्गीय बृजभूषण त्रिपाठी जी के स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी के जिले के जिला अध्यक्ष श्री चौहान द्वारा उनके बेटे विपिन त्रिपाठी का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम की कहानी है। दुनिया की सबसे ऊंचाई पर यह युद्ध लड़ा गया, जिस पर भारत ने शानदार विजय श्री अर्जित कर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि हमें हमारे सैनिकों पर गर्व है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। श्रद्धांजलि सभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष के के तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, श्रीमती सरस्वती बहेलिया, विनोद साकेत, डा अजय मिश्रा, सुनीता रानी वर्मा ,युवा मोर्चा अध्यक्ष निशांत मिश्रा, मंडल पटपरा अध्यक्ष विनोद पटेल, आरती सिंह, उमा शंकर यादव, विनोद सिंह परिहार, कौशल कुशवाहा, कमलेश्वर गौतम, रविप्रकाश तिवारी, सतई भुजवा, कौशलेंद्र सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह परिहार उपस्थित रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## संपादकीय

# आधुनिक्ता के दौर में अकेलेपन का दंश

सभ्यता के विकास-क्रम में कायदे से होना यह चाहिए था कि सामाजिकता की जड़ें मजबूत हों और सरोकार की संवेदना को ज्यादा से ज्यादा जगह मिले। मगर आधुनिक समाज में नए-नए तकनीकों के सहारे रोज आधुनिक होती दुनिया में मनुष्य की पहुंच का दायरा तो विस्तृत हुआ है, मगर इसी क्रम में एक नई समस्या यह पैदा हुई है कि हजारों मील दूर किसी व्यक्ति से रिश्तों के आभासी तार जोड़ने वाला कोई इंसान वास्तविक समाज के साथ जुड़ाव को महसूस करने की संवेदना खोता गया। यह बेवजह नहीं है कि बहुत सारे लोग अकेलेपन के दंश को अलग-अलग रूप में झेलते हैं, मगर इसकी वजहों और हल को लेकर उनके भीतर कोई स्पष्टता नहीं बन पाती। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस स्थिति को 'जुड़ाव न महसूस करने के सामाजिक दर्द' रूप में परिभाषित किया है। अगर कोई व्यक्ति इस समस्या के जाल में खुद को फंसा हुआ पा रहा है और उसके प्रति सहज या अनुकूलित होता जा रहा है, तो इससे ऐसे व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक सेहत में तेज गिरावट हो सकती है। एक शोध में इसका आकलन इस रूप में किया गया है कि सामाजिक जुड़ाव की भावना का अभाव हर रोज पंद्रह सिगरेट पीने के बराबर का स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है।दरअसल, अलग-अलग कारणों से अपने दायरे में सिमटते जा रहे लोग न केवल सामूहिकता बोध से वंचित हो रहे हैं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों को पलने का मौका दे रहे हैं। अफसोस यह है कि स्मार्टफोन या आधुनिक यंत्रों को बहुत सारे लोग आज अपने सामाजिक संबंधों के दुनिया भर में विस्तृत होने का जरिया मानते हैं। मगर इंटरनेट पर लोगों की फैलती दुनिया कितनी आभासी है, इसका पता तब चलता है, जब किसी गंभीर मानसिक या शारीरिक परेशानी में लोग फंसते हैं और उस समय उन्हें वास्तविक दुनिया के मनुष्यों की जरूरत होती है। तब उन्हें अपने परिजन, रिश्तेदार, करीबी दोस्त याद आते हैं, जो उसे इस संजाल से निकलने में मदद कर सकते हैं। मगर तकनीक आधारित कथित आधुनिकता के मूल्यों और उसमें सिमटती दुनिया में लोग लगातार भीड़ में अकेले पड़ते जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि लोगों के बीच प्रत्यक्ष रूप से आपसी मेलजोल बढ़े, सहयोग पर आधारित सामाजिकता बोध की भावना मजबूत हो।

**भारत-चीन आर्थिक संबंध किसी निश्चित रास्ते पर चलने का नाम ही नहीं ले रहे। 2020 में गलवान घाटी के टकराव के बाद भारत में चीन की आर्थिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए वहां से होने वाले आयात को सीमित करने के प्रयास किए गए थे। साथ ही, चीन के पूंजी निवेश को हतोत्साहित करने के लिए 2021 में जारी एक शासनादेश के मुताबिक भारत की जमीनी सीमाओं से लगे सभी देशों से आने वाले निवेश के लिए सरकार के स्तर पर मंजूरी लेना जरूरी बना दिया गया था। सरकार का यह मूड देखकर चीनी ब्रैंड की कुछ मोबाइल फोन कंपनियों में हड़तालें हुई थीं और दो-एक जगह उनके ठिकानों पर तोड़फोड़ भी हुई थी। लेकिन अभी, केंद्रीय बजट से ठीक पहले आए इकॉनमिक सर्वे में चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आसान बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।**

# अभी क्यों उठी चीन से रिश्ते सुधारने की बात

(चंद्रभूषण)

भारत-चीन आर्थिक संबंध किसी निश्चित रास्ते पर चलने का नाम ही नहीं ले रहे। 2020 में गलवान घाटी के टकराव के बाद भारत में चीन की आर्थिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए वहां से होने वाले आयात को सीमित करने के प्रयास किए गए थे। साथ ही, चीन के पूंजी निवेश को हतोत्साहित करने के लिए 2021 में जारी एक शासनादेश के मुताबिक भारत की जमीनी सीमाओं से लगे सभी देशों से आने वाले निवेश के लिए सरकार के स्तर पर मंजूरी लेना जरूरी बना दिया गया था। सरकार का यह मूड देखकर चीनी ब्रैंड की कुछ मोबाइल फोन कंपनियों में हड़तालें हुई थीं और दो-एक जगह उनके ठिकानों पर तोड़फोड़ भी हुई थी। लेकिन अभी, केंद्रीय बजट से ठीक पहले आए इकॉनमिक सर्वे में चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आसान बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।

## रिश्तों में रुखापन

भारत से चीन के कूटनीतिक रिश्ते अभी फ्रिज में ही पड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पद संभालने पर भी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ओर से बधाई संदेश नहीं आया। हफ्ते भर बाद आधिकारिक बधाई संदेश आया भी तो उस पर चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग का नाम लिखा था। ऐसे माहौल में चीन से एफडीआई बढ़ाने के सारे जतन करने का यह सर्वे वाला सुझाव कुछ अटपटा-सा है।

## दो ही विकल्प

प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने जो सफाई इस प्रस्ताव के बारे में दी है, उसके मुताबिक दुनिया के आर्थिक-वाणिज्यिक वातावरण को देखते हुए भारत के सामने दो ही विकल्प बचते हैं। या तो चीन से बना-बनाया सामान मंगाकर अपने यहां सिर्फ उसकी पैकेजिंग और ब्रैंडिंग करके पश्चिमी बाजारों में बेचा जाए, या फिर चीनी पूंजी और तकनीक का आयात किया जाए। इसका मतलब कि उन्हें अपने यहां सीधे या किसी भारतीय भागीदार से सहयोग बनाकर फैक्ट्री लगाने दी जाए और अपने लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करते हुए बेहतर मुनाफे के साथ चीजों को अमेरिका और यूरोप के बाजारों में उतारा जाए।

## चीन का दबदबा

हर हाल में चीन पर ऐसी निर्भरता क्यों इस सवाल का जवाब



देते हुए नागेश्वरन ने ग्रीन एनर्जी, टर्बाइनों, न्यूक्लियर टेक्नॉलजी और बैट्री वाली गाड़ियों जैसे कुछ खास क्षेत्रों में चीन की तकनीकी दक्षता और कुछ खास खनिजों, सिंथेटिक पदार्थों और रसायनों में उसके एकाधिकार का जिक्र किया। ज्यादा तह में जाएं तो असल बात कुछ मामलों में यूक्रेन युद्ध से पहले ही, लेकिन खास तौर पर यह लड़ाई शुरू होने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और कनाडा के रवैये से जुड़ी लगती है, जो अपने यहां चीन से होने वाले आयात को कम से कम रखना चाहते हैं। उनके यहां चीन से आने वाली चीजों में कुछ अपने सस्तेपन की वजह से खरीदी जाती हैं और कुछ तकनीकी श्रेष्ठता की वजह से।

## पश्चिम की रणनीति

पश्चिमी मुल्क इस मामले में तितरफा रणनीति पर अमल कर रहे हैं। एक तो चीन की तकनीकी प्रगति की रफ्तार कम करना, जिसके लिए श्रेष्ठतम श्रेणी की माइक्रोचिप बनाने की सारी संभावनाएं उन्होंने अपनी तरफ से इस मुल्क के लिए बिल्कुल ठप कर दी हैं। दूसरा, श्रेष्ठ तकनीकी दक्षता वाली चीनी वस्तुओं के आयात को जांच-पड़ताल और ऊंचा आयात शुल्क लगाकर न्यूनतम स्तर पर ला देना। और तीसरा, जो चीजें चीन से हर हाल में मंगानी जरूरी हों, उन्हें किसी और देश को बीच में डालकर मंगाना, जिसे उन्होंने 'चाइना प्लस वन' पॉलिसी का नाम दिया है। इस तीसरी रणनीति का हिस्सा बनकर ही मेक्सिको पिछले दो-तीन वर्षों में अमेरिका का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन गया है। एशिया में दक्षिण कोरिया और वियतनाम ने भी इसका खूब फायदा उठाया है।

## देश पर दबाव

भारत की कोशिश किसी तरह 'चाइना प्लस वन' का फायदा उठा रहे मुल्कों की पांत में शामिल होने की है। दूसरी तरफ भारतीय वित्त मंत्रालय को अपने यहां कई क्षेत्रों के उद्यमियों का दबाव भी झेलना पड़ रहा है, जिनका कारोबार चीन से आने वाले इंटरमीडियरी गुड्स पर ही निर्भर करता है। कुछ मामलों में ऐसा भी देखा जा रहा है कि किसी ने पूरी योजना बनाकर किसी चीज की फैक्ट्री डाली, लेकिन जैसे ही उसका सामान बाजार में आया, चीन से आए उसी श्रेणी के सामान ने कीमतों के अखाड़े में उसे चित कर दिया। सोलर सेल बनाने वाली भारतीय कंपनियों के साथ ऐसा कई बार हो चुका है। इकॉनमिक सर्वे का सुझाव अमल में आने पर वे चीनी कंपनियों से कोलैबोरेशन में जा सकती हैं।

## अमेरिका का खतरा

यूएस में अगर डॉनल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बन गए तो उनका नजरिया कारोबार के मामले में बहुत ज्यादा कंजर्वेटिव माना जाता रहा है। पिछले कार्यकाल में उन्होंने भारत को अपनी गैर-जरूरी चीजें बेचने के लिए दबाव बनाया था और भारत द्वारा निर्यातित कुछ सामानों पर टैक्स भी बहुत ज्यादा बढ़ा दिया था। कई काम वह सिर्फ माहौल बनाने के लिए, अमेरिकी जनता का ध्यान खींचने के लिए भी करते हैं, जिससे अमेरिकी बाजार पर निर्भर देशों को बहुत नुकसान होता है।

## भविष्य की तैयारी

विश्व अर्थव्यवस्था को कोरोना और यूक्रेन युद्ध से जो झटका लगा, उसे भारत ने रूस और पश्चिमी मुल्क, दोनों ही खेमों से अपने करीबी रिश्तों के बल पर झेल लिया। आगे और ज्यादा ध्रुवीकृत होने की आशंका से भरे विश्व बाजार में टिके रहने की तैयारी सर्वे के इस प्रस्ताव में दिख रही है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# क्या पेरिस में तोक्यो से ज्यादा चमकेंगे भारतीय

**बैडमिंटन में पिछले तीन आयोजन से लगातार भारत का खाता खुल रहा है। इन तीन में से दो मेडल पीवी सिंधु ने जीते हैं। हालांकि सिंधु का हालिया प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानती हैं कि बड़े मंच पर किस तरह से अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। सिंधु के अलावा बैडमिंटन में मेंस डबल्स स्पर्धाओं में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी से भी बहुत उम्मीदें हैं। दोनों जबरदस्त फॉर्म में हैं और एक साथ मिलकर देश को कई मेडल दिला चुके हैं। लक्ष्य सेन भी पुरुष सिंगल्स में मेडल के दावेदारों में शामिल हैं।**

(रौशन झा)

पेरिस ओलिंपिक्स 26 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस बार भारतीय एथलीट्स के सामने चुनौती है अपना नया सर्वश्रेष्ठ कायम करने की। पिछली बार, तोक्यो ओलिंपिक्स में हमारे एथलीट्स ने इतिहास रचते हुए अब तक के सबसे ज्यादा सात मेडल जीते थे। इसके बाद, 2023 में आयोजित एशियन गेम्स में भी हमने शानदार प्रदर्शन किया और 100 से ज्यादा मेडल अपने नाम किए। इवेंट दर इवेंट भारतीय एथलीट्स के प्रदर्शन में लगातार सुधार दिख रहा है। इसलिए पूरा देश आस लगाए बैठा है कि हमारे खिलाड़ी तोक्यो से भी ज्यादा चमक पेरिस में बिखेरेंगे।

## नीरज से उम्मीदें

जिस एक एथलीट से सबसे अधिक उम्मीदें लगाई गई हैं, वह हैं नीरज चोपड़ा। नीरज ने पिछली बार जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीता था। तब एथलेटिक्स में पहली बार भारत के खाते में कोई मेडल आया था। नीरज इस समय शानदार फॉर्म में भी हैं। पिछले महीने फिनलैंड में उन्होंने 85.97 मीटर भाला फेंक कर गोल्ड जीता था। हर इवेंट में सफलता के झंडे गाड़ते चले आ रहे नीरज यह जरूर चाहेंगे कि पेरिस में भी वह गोल्ड जीतकर एक नया कीर्तिमान अपने नाम करें। ओलिंपिक्स में किसी व्यक्तिगत स्पर्धा में दो गोल्ड जीतने का कीर्तिमान, जो अभी तक किसी भारतीय के हिस्से नहीं आया है।

## बैडमिंटन में दबदबा

बैडमिंटन में पिछले तीन आयोजन से लगातार भारत का खाता खुल रहा है। इन तीन में से दो मेडल पीवी सिंधु ने जीते हैं। हालांकि सिंधु का हालिया प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानती हैं कि बड़े मंच पर किस तरह से अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। सिंधु के अलावा बैडमिंटन में मेंस डबल्स स्पर्धाओं में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी से भी बहुत उम्मीदें हैं। दोनों जबरदस्त फॉर्म में हैं और एक साथ मिलकर देश को कई मेडल दिला चुके हैं। लक्ष्य सेन भी पुरुष सिंगल्स में मेडल के दावेदारों में शामिल हैं।

## कुश्ती पर भरोसा

2008 पेइचिंग ओलिंपिक्स से हम रेसलिंग में लगातार मेडल जीत रहे हैं। इस क्रम को जारी रखने की जिम्मेदारी अनुभवी विनेश फोगाट पर होगी। विनेश तीसरी बार ओलिंपिक में खेलने उतरेंगी। वह जरूर चाहेंगी कि पिछले दिनों हुए विवादों का जवाब मेडल जीतकर दिया जाए। अंतिम पंघाल भी मेडल की प्रबल दावेदार हैं। पुरुष वर्ग में भारत के लिए इस बार केवल अमन सहरावत ही चुनौती पेश कर सकेंगे।

## पंच दमदार

वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू पर देश को मेडल दिलाने का भार होगा। चानू ने पिछली बार सिल्वर जीता था। हालांकि तोक्यो ओलिंपिक्स के बाद से चानू का सफर बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। वह चोट से परेशान रही हैं। फिर भी वह अपने मेडल का रंग बदलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। इसी तरह, बॉक्सिंग में लवलीना बोरगोहेन ने पिछली बार ब्रॉन्ज जीता था। 2008 के बाद यह पहला मौका था जब



बॉक्सिंग में हमने कोई मेडल जीता। इस बार लवलीना के साथ ही निखत जरीन का दावा भी मजबूत है। निखत पिछली बार ओलिंपिक्स में हिस्सा लेने से चूक गई थीं। कुछ ऐसा ही अमित पंघाल के साथ भी हुआ था। दोनों के पास अतीत की कसक मिटाने का मौका है।

## हॉकी से आस

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 2020 में ब्रॉन्ज जीतकर ओलिंपिक मेडल के चार दशक लंबे सूखे को खत्म किया था। ओलिंपिक्स में 8 गोल्ड जीतने वाली टीम इंडिया से उम्मीद है कि वह इस आंकड़े को इस बार 9 पर पहुंचाएगी।

## मेडल पर निशाना

पेरिस में हमारे 117 खिलाड़ी हिस्सा लेने वाले हैं। शूटिंग में सबसे ज्यादा खिलाड़ी उतरेंगे। शूटिंग में हम व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गोल्ड भी जीत चुके हैं। टीम में शामिल कई खिलाड़ियों में मेडल पर निशाना लगाने की क्षमता है। इनमें कुछ नाम जो विशेष रूप से लिए जा सकते हैं, वो हैं - मनु भाकर, शिफ्त कौर समरा, अनीश भानवाला, ऐश्वर्य प्रताप तोमर, श्रेयसी सिंह। इसके अलावा गोल्फ में अदिति अशोक और दीक्षा डागर, टेबल टेनिस में अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा, तैराकी में श्रीहरि नटराज, टेनिस में सुमित नागल, एथलेटिक्स पुरुष शॉटपुट में तेजिंदर पाल सिंह तूर, महिला 100 मीटर बाधा दौड़ में ज्योति याराजी, स्टीपल चेज में पारुल चौधरी और महिला जैवलिन थ्रो में अन्नु रानी पर निगाहें रहेंगी।

## वर्ग पहेली 5443

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री जिन्होंने 10 सितंबर 1887 को जन्म लिया (8)
7. सप्ताह का दिन, आक्रमण या हमला करने करने की क्रिया (2)
8. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
9. निर्जन, वीरान, सुनसान (2)
11. बल, शक्ति, फूंक, कुकर्मों से मन को हटाना (2)
13. इस वृक्ष की कड़वी छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
14. वह स्थान जहां पृथ्वी और आकाश मिलते हुए दिखाई पड़ते है (3)
17. गुणनकर्म, गुणित (2)
18. छड़ी, लाठी, लुकाठ (3)
20. जायज, विहित, जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित हो (उर्दू)(3)
21. हुक्म, आधिकारिक आदेश, फैसला किया हुआ (3)
22. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है प्राचीन काल में इसका नाम यवद्वीप था (2)
23. लपट, ज्वाला (1)
24. सिंह, शेर, बाघ (3)
25. काष्ठकर्मी, शिल्पकार, कारपेंटर (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. संतान न होना (8)
2. औषधि, चिकित्सा, उपाय, गुर (2)
3. दहेज, जिहेज, दायजा (5)
4. नेक, छलहीन, कल्याणकारी, सज्जन (2)
5. भोजन करने के लिए जनसमूह का एक पंक्ति में बैठना (3)
6. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
10. वस्तु, प्राणी आदि का बोधक सूचक शब्द, संज्ञा, प्रसिद्धि (2)
12. बुद्धि, अक्ल, समझ, प्रज्ञा (2)
15. जल के देवता होने के कारण भगवान का एम नाम (5)
16. हरियाण की एक प्रसिद्ध जाति (2)
17. वर्तमान दौर के प्रसिद्ध गीतकार जिनकी पुरानी फिल्मों की प्रसित्र अभिनेत्री रही हैं (4)
19. राजा जनक के नातियों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5442 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | गां | डा | ■ | र | ह | मा | न |
| व | ■ | का | ना | फूं | सी | ■ | य |
| रा | त | ■ | लि | ■ | ना | दा | न |
| ज | य | कि | श | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ■ | शो | ■ | न | ट | ख | ट |
| अ | ■ | रा | ज | द | ■ | र | ■ |
| ज्ञा | न | व | र | ■ | आ | गो | श |
| न | ■ | स्था | ■ | चौ | हा | न | ■ |

# रक्षा क्षेत्र को कहीं अधिक प्रोत्साहन की दरकार

(सुशांत सरीन, सीनियर फेलो, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन)

संसद में पेश साल 2023-24 के संशोधित अनुमान, यानी असली खर्च के मुताबिक हमने रक्षा मद (पेंशन से अलग) में 4.55 लाख करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि मंगलवार को जो बजट पेश किया गया है, उसमें साल 2024-25 के लिए 4.54 लाख करोड़ रुपये (पेंशन सहित 6.21 लाख करोड़ रुपये) आवंटित किए गए हैं। इसका अर्थ है कि पिछले साल के खर्च से भी करीब एक हजार करोड़ रुपये कम इस बार रक्षा क्षेत्र को दिए गए हैं। इसमें अगर महंगाई और रुपये की अंतरराष्ट्रीय कीमत को भी जोड़ लें, तो यह कमी और ज्यादा नजर आएगी। साफ है, रक्षा क्षेत्र को जितने प्रोत्साहन की जरूरत थी, उतना प्रोत्साहन उसे नहीं मिल सका।

बात सिर्फ यही नहीं है। इस बार रक्षा से जुड़े साजो-सामान पर 1.72 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की बात कही गई है, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 15 हजार करोड़ रुपये अधिक है। मगर जिस तरह से रक्षा में नई-नई तकनीक, एयरक्राफ्ट, निवेश आदि की जरूरत है, उसको देखते हुए हमें और अधिक पूंजी की दरकार है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि आज जब दुनिया के विकसित देश अपने सकल घरेलू उत्पाद, यानी जीडीपी का पांच-पांच फीसदी तक रक्षा क्षेत्र पर खर्च कर रहे हैं, हम बमुश्किल दो फीसदी तक ही पहुंच सके हैं। यह स्थिति तब है, जब हमें चीन की तरफ से लगातार चुनौती मिल रही है, भारतीय सरहदों पर तनाव बढ़ रहे हैं और पड़ोसी देशों से हमें विशेषकर जम्मू में आतंकवाद की एक नई लहर का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा, कोशिश तो यह होनी चाहिए थी कि यदि हालात ज्यादा बिगड़ते हैं, तो हमें किसी अन्य देश से मदद लेने की जरूरत न पड़े, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा।

रक्षाकर्मियों की तनख्वाह और पेंशन भी एक मसला है। इस बार रक्षा मद में जितना आवंटन किया गया है, उसका करीब एक चौथाई धन पेंशन में खर्च होगा, जबकि इतनी ही रकम वेतन मद में जारी की जाएगी। यानी, बजट का आधा हिस्सा हम कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर ही खर्च करेंगे। यह कोई अच्छी तस्वीर नहीं है। जाहिर है, सुरक्षाकर्मियों के वेतन और पेंशन में उसी तरह सुधार की जरूरत है, जिस तरह अग्निपथ योजना में। राजनीतिक हलकों में अग्निवीरों की बात तो खूब की जा रही है, मगर पेंशन सुधार पर चुप्पी बनी हुई है।

असल में, भारत का पूरा रक्षा ढांचा इस बुनियाद पर खड़ा है कि फौजियों की संख्या अधिक से अधिक की जाए। मगर बड़ी फौज के पास ऐसी क्षमता होनी चाहिए कि वह मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से पार पा सके। नई-नई तकनीक से बने युद्धक साजो-सामान के सामने वीर जवानों को जंग के मैदान में भेज देना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होता है। हालांकि, यहां एक तर्क दिया जा सकता है कि अफगानिस्तान में अपने से कहीं बेहतर अमेरिकी फौज के आगे तालिबानी बीस साबित हुए, लेकिन इसके लिए तालिबान ने बड़ी कीमत भी चुकाई है। इस युद्ध में जहां उसके दसियों हजार लड़ाके मारे गए, वहीं अमेरिकी सेना का जानी नुकसान बहुत कम हुआ। वैसे भी, यह स्थिति भारत जैसे लोकतंत्र के लिए सही नहीं मानी जा सकती, क्योंकि इससे देश के अंदर माहौल बिगड़ सकता है। इसलिए, मैदान-ए-जंग में शूरवीरता के साथ-साथ अति-आधुनिक हथियारों और माकूल रणनीति की जरूरत भी होती है।

ऐसा लगता है कि राजनीतिक मजबूरियों के कारण सुरक्षा मद में कतरब्योंत किया गया है। इससे जल्दी पार पा लेना उचित होगा। यह करना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अब सुरक्षा चुनौतियों का रूप तेजी से बदलने लगा है। मसलन, हम आज भी महज 40 दिनों के लिए युद्धक-सामग्री जमा करके रखते हैं, क्योंकि हमारी सोच यही है कि जंग 10-15 दिनों से अधिक नहीं चलती। हमारा अनुभव भी यही कहता है। मगर हम यह भी देख रहे हैं कि गाजा में नौ महीने से बम-बारूद चल रहे हैं, जबकि यूक्रेन ढाई साल से युद्ध का मैदान बना हुआ है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन लाभ से भरा होगा, लेकिन साथ ही काम को लेकर आपको काफी चुनौतियों का भी सामना भी करना पड़ेगा। आपके सामने कई तरह की जिम्मेदारियां रहेंगी और आपको काफी भागदौड़ भी करनी पड़ेगी। किसी प्रकार की सुव्यवस्था करने में आपका दिन बीतेगा।

### वृषभ

आज दिन बेहद भाग्यशाली रहेगा और आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। ऑफिस में लोग आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे और इस कारण उल्टी सीधी तरकीब लगाएंगे। आप धीरे धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाएंगे और कोई बड़ा रुका कार्य पूर्ण हो सकता है।

### मिथुन

आज भाग्य का साथ मिलेगा और काफी समय से रुका कोई कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी और यह खुशी आप परिवार के लोगों के साथ साझा करेंगे। आपको संतान की तरफ से सुखद समाचार मिलेगा और कारोबार में भाग्य भी आपका साथ देगा।

### कर्क

आज भाग्य साथ दे रहा है और अच्छे कार्य में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। काफी समस पहले लिया गया कोई निर्णय आज आपको लाभ देगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### सिंह

आज लाभ होगा और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। ऑफिस में लोग आपके खिलाफ कोई साजिश कर सकते हैं सावधान रहें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। कहीं से रुका पैसा मिलने से दूसरी योजनाएं आरंभ हो सकती हैं। पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। ऑफिस में प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे।

### तुला

आज लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। मेहनत से काम करने पर लाभ होगा। आय कम और व्यय कम होने से कुछ वक्त के लिए आपका मूड खराब हो सकता है। किसी काम से आपको व्यर्थ की भागदौड़ करनी पड़ेगी और आपके गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। आप कोई भी फैसला बिना सोचे न करें। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में हो सकता है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब होंगे तो आने वाले समय में आपको लाभ होगा।

### धनु

आज दिन मिलाजुला रहेगा। किसी कारण से आपकी ऑफिस में अधिकारियों से अनबन हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण बनाये रखें तो आपको लाभ होगा। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और दिन आपका खुशी में बीतेगा। ऑफिस में आपको अच्छे लोगों का साथ मिलने से मन में काफी प्रसन्नता रहेगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। शाम के वक्त सेहत कुछ नासाज हो सकती है।

### कुंभ

आज दिन कर्मफल की सिद्धि से भरा होगा। आपको रुका धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से चल रहे विवाद का अंत होगा। आपको कोई ऐसी समस्या हो सकती है कि आपको परिवार के लोगों से मदद लेनी पड़ सकती है।

### मीन

आज करियर में तरक्की के योग हैं और आपके लिए धन प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष के लोग परेशान होंगे और आपको आज मेहनत करने पर सफलता प्राप्त होगी। धन सम्मान में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा और योजनाएं पूर्ण होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में निर्माणाधीन अस्पताल के बेसमेंट की दीवार गिरी; 30 वर्षीय महिला की मौत, आठ घायल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली के सेक्टर 12 द्वारका में गुरुवार रात एक निजी अस्पताल की निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई और 8 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान देवी के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 30 साल थी। इस बारे में दिल्ली पुलिस ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए क्राइम टीम को सूचित किया गया है और मामला दर्ज किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, गश्त के दौरान द्वारका उत्तर पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने सेक्टर 12 में पेट्रोल पंप के पास एक निजी अस्पताल की निर्माणाधीन इमारत/बेसमेंट के पास लोगों को इकट्ठा होते देखा। पता चला कि निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार गिर गई थी और कुछ लोग फंस गए थे। अधिकारी ने बताया, कुल नौ घायलों को दो अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था, जिनमें से देवी नाम की एक महिला को आइजीआइ अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया।

### दिल्ली सरकार मोहल्ला बसों के रूट तय करने के लिए एआई का इस्तेमाल करेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार मोहल्ला बसों के रूट तय करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करेगी। रूटों को डिजाइन करने के लिए सरकार आईआईटी-दिल्ली के साथ मिलकर डाटा विश्लेषण का भी उपयोग करेगी। इसके अलावा सरकार ने बसों के संचालन की व्यवहार्यता के आकलन और सबसे बेहतर रूटों को तय करने के लिए 32 सहायक यातायात निरीक्षकों (एटीआई) की टीमों को भी तैनात किया है। चार जोन में बांटी गई इन टीमों में शामिल सहायक यातायात निरीक्षकों की टीम विभिन्न मार्गों पर नौ मीटर लंबी इन मोहल्ला बसों के संचालन की व्यावहारिक चुनौतियों को समझने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करेंगी। ये टीमें अपने क्षेत्रों में बस रूट तय करने पर जनता से सुझाव भी जुटाएंगी। आईआईटी दिल्ली बस संचालन के प्रारंभिक और गंतव्य स्थलों को तय करने के लिए एक मॉडल विकसित करेगा, जहां यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के बावजूद वर्तमान में कम बसें चल रही हैं, ऐसे स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी। वर्तमान बस नेटवर्क और कनेक्टिविटी का मूल्यांकन करने के लिए रियल वर्ल्ड ट्रैवल टाइम डाटा का इस्तेमाल किया जाएगा। परिवहन एजेंसियों और गूगल मानचित्र सहित अन्य डेटा का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस मॉडल का उपयोग करके आईआईटी दिल्ली की ओर से मोहल्ला बसों के लिए सबसे बेहतर रूट नेटवर्क डिजाइन किया जाएगा। इसमें एआई आधारित रूटिंग एल्गोरिदम का विश्लेषण किया जाएगा। इसके तहत मौजूदा बस नेटवर्क और बसों की मांग के साथ-साथ देखा जाएगा कि बसों के परिचालन में कोई बाधा तो नहीं होगी। यात्रियों के लिए सफर की लागत आदि बिंदुओं पर भी विश्लेषण किया जाएगा। दिल्ली सरकार रूट निर्धारण के लिए विधायकों, स्थानीय लोगों के सुझाव और विभाग की तकनीकी टीम की ओर से 30 दिवसीय जमीनी मूल्यांकन से एकत्र किए गए डाटा का भी इस्तेमाल करेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, राजधानी में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा सुगम बनाने के लिए में एआई और बिग डाटा एनालिटिक्स का सहारा लिया जा रहा है।

### तुम मंदिर से बिजली चोरी करते हो; दिल्ली में चाकू से गोदकर मार डाला गया शख्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के त्रिलोकपुरी में चाकू से गोदकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, जबकि दो घायल हैं। मंदिर से बिजली चोरी का आरोप लगाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। बाद में चाकूबाजी के दौरान एक की मौत हो गई। त्रिलोकपुर के 20 ब्लॉक से गुरुवार को पुलिस को पीसीआर पर चाकूबाजी की सूचना मिली। मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे तो पता चला कि घायलों को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया है। गंभीर रूप से घायल विकास को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। छाती में चाकू लगने की वजह से उसकी स्थिति बेहद नाजुक थी। रात में अस्पताल में इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। सुरेंद्र के परिवार ने महेश के परिवार पर मंदिर में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज (बिजली चोरी) करने का आरोप लगाया था। जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ। बहस के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र के घर के लोगों ने चाकूओं के साथ हमला कर दिया। 60 वर्षीय महेश के चेहरे पर जख्म हैं जबकि उनके बेटे विकास (31) की छाती के निचले हिस्से में चाकू लगी। विकास के 33 वर्षीय अभय भी जख्मी है। आरोपी सुरेंद्र (51) उसका 18 साल का बेटा प्रेम और एक नाबालिग है। पुलिस ने बताया कि बीएनएस की धारा 109 (1)/115 (2)/118(1) (3) (5) के तहत केस दर्ज किया गया है। विकास की मौत के बाद बीएनएस की धारा 103(1) जोड़ दी गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अरविंद केजरीवाल को अदालत से एक और राहत, स्पेशल वाली बात कह हाईकोर्ट ने पूरी कर दी डिमांड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कथित शराब घोटाले में लगे आरोपों की वजह से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविदं केजरीवाल के लिए हाई कोर्ट से एक राहत भरी खबर है। हाई कोर्ट ने वकीलों से मीटिंग बढ़ाने की उनकी डिमांड मान ली है। कोर्ट की मंजूरी के बाद वह जेल में वकीलों से हर सप्ताह दो अतिरिक्त मुलाकातें कर पाएंगे। केजरीवाल को 21 मार्च को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें ईडी केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। लेकिन अब सीबीआई केस की वजह से जेल में बंद हैं।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने यह कहते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री की मांग मान ली कि, विशेष परिस्थितियों में विशेष उपाय की आवश्यकता होती है। जज ने आगे कहा कि निष्पक्ष ट्रायल के मूलभूत अधिकार और प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व को मान्यता देते हुए याचिकाकर्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वकीलों से दो अतिरिक्त मुलाकातों की इजाजत दी जाती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि केजरीवाल जब तक जेल में बंद हैं उन्हें यह सुविधा मिलती रहेगी। हाई कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले में सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने केजरीवाल की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि कानून सभी के लिए समान है। केजरीवाल के वकील ने कहा था कि आम आदमी पार्टी के मुखिया देशभर में लगभग 35 मुकदमों का सामना कर रहे हैं। निष्पक्ष सुनवाई के लिए उन्हें इन मामलों पर चर्चा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त मुलाकातों की जरूरत है। केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने दलील दी कि ऐसे कई कैदी हैं जिनके खिलाफ 100 मामले लंबित हैं और उन्हें अपने वकीलों से केवल दो बार मुलाकात की अनुमति है। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल वकीलों के साथ अपनी बैठकों का इस्तेमाल दिल्ली सरकार के मंत्रियों को निर्देश भेजने के लिए कर रहे थे। केजरीवाल की याचिका का विरोध करते ईडी के वकील ने कहा कि इसी तरह का आवेदन एक जनहित याचिका में उच्च न्यायालय की खंडपीठ के सामने किया गया था, लेकिन आवेदन को खारिज कर दिया गया था। वकील ने कहा कि दिल्ली जेल के नियम देश के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक उदार हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जेलों में सभी कैदियों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और सभी को सप्ताह में दो बार अपने वकीलों से मिलने का मौका मिलता है। दलीलों का विरोध करते हुए केजरीवाल के वकील ने कहा कि ईडी को इस मामले में कुछ नहीं कहना चाहिए क्योंकि वह न्यायिक हिरासत में हैं और जेल अधिकारी मामले में मुख्य पक्षकार हैं।

### 15 दिन में रिपोर्ट दाखिल करे ईडी, सत्येंद्र जैन की याचिका पर हाईकोर्ट का आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन की उस याचिका पर ईडी से जवाब मांगा, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके और अन्य के खिलाफ निचली अदालत द्वारा आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जैन की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया और 15 दिनों के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। अदालत ने मामले को 22 अगस्त को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। जैन ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के ट्रायल कोर्ट के 29 जुलाई 2022 के आदेश को रद्द करने की मांग की है। उन्होंने मामले में उन्हें जारी किए गए समन और उसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेशों को भी चुनौती दी है। साथ ही जेल से रिहाई की मांग की है। वहीं, ईडी ने जैन की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि निचली अदालत का संज्ञान आदेश जुलाई 2022 में पारित किया गया था और आप नेता ने अब इसे चुनौती दी है। ईडी द्वारा चार कंपनियों- अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफोसोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी आरोप पत्र दायर किया गया था।

### 25 मुख्य सड़कों की बदलेगी सूरत, शहर के दर्जनों सेक्टरों की राह होगी आसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम शहर में जल्द ही 25 मुख्य सड़कों की सूरत बदलने जा रही है। इन सड़कों की मरम्मत पर 83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इस योजना के तहत इन सड़कों को तीन हिस्सों में विभाजित करके टेंडर आमंत्रित किए थे। प्रत्येक टेंडर की एवज में 10-10 कंपनियों ने आवेदन किया है। अब इन कंपनियों की तकनीकी और वित्तीय कागजात की जांच की जा रही है। इसके पश्चात किसी एक कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया जाएगा। इन्हें नौ महीने के अंदर इन सड़कों की मरम्मत करनी होगी। जीएमडीए ने सेक्टर-90/93, 92/95, 91/92, 92/95 ओपन स्पेस, सेक्टर-91 की बाहरी सड़क की मरम्मत 29.77 करोड़ रुपये से होगी। जीएमडीए ने 14 जून को इसके तहत टेंडर आमंत्रित किए थे। 8 जुलाई को इस टेंडर को खोला गया। 10 कंपनियों ने आवेदन किया है। इन कंपनियों के आवेदन की जांच की जा रही है। इसके बाद किसी एक कंपनी को यह टेंडर आवंटित किया जाएगा। इस तरह 24.81 करोड़ रुपये से सेक्टर-81-81ए से 86/87, सेक्टर-90/91, 82/85 से 83/84, सेक्टर-87 के ओपन स्पेज से 81/86 की मुख्य सड़क की मरम्मत की जाएगी। पुराने गुरुग्राम में महावीर चौक से लेकर अतुल कटारिया चौक, सेक्टर-23/23ए, 18/19, सेक्टर-15 के पार्ट एक और दो, न्यू रेलवे रोड, ओल्ड रेलवे रोड, सिविल लाइंस रोड, सेक्टर-9/9ए, कृष्णा चौक से रेजांगला चौक, सेक्टर-पांच/छह, सेक्टर-22/23, सेक्टर-सात/आठ, सेक्टर-21/22 की मुख्य सड़क की मरम्मत की जाएगी।

### पत्नी पर गंदी बात का दबाव डालता था पति, नहीं मानी तो सुपारी देकर कराई हत्या; 3 साल बाद खुला मर्डर का राज

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और विजयनगर थाना पुलिस ने तीन साल पहले हुई महिला की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए इस मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, पति ने ही सुपारी देकर पत्नी की हत्या कराई थी। आरोपी अपनी पत्नी पर दोस्तों से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। पत्नी इसका विरोध करती थी, जिसके चलते उसने पत्नी की हत्या कराकर शव गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र में फेंक दिया। पुलिस ने पति और भतीजे समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि बागपत के गांव पावला खेड़ी निवासी फिरदौस का निकाह करीब 24 साल पहले वेल्डिंग का काम करने वाले विजयनगर थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर निवासी इंतजार उर्फ इंतु से हुआ था। शादी के बाद से ही फिरदौस और इंतजार के बीच झगड़े शुरू हो गए, जिसके चलते वर्ष 2020 में फिरदौस ने पति के खिलाफ विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया था। साथ ही, खर्चे का एक वाद कोर्ट में भी दायर किया था। इसमें इंतजार के भाइयों और भतीजों को भी आरोपी बनाया गया था। डीसीपी के अनुसार, इस केस में फिरदौस का आरोप था कि पति उस पर दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव डालता था। पति के दोस्त और भतीजे की उसकी बेटियों पर बुरी नजर रखते थे।

# एक साल में कितने लोग गए थाइलैंड, कंबोडिया और वियतनाम; नोएडा साइबर पुलिस ने क्यों शुरू की जांच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद नोएडा साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने पिछले एक वर्ष के भीतर गौतमबुद्ध नगर से थाइलैंड, कंबोडिया और वियतनाम गए 248 लोगों की जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इन लोगों को टूरिस्ट वीजा पर भेजा गया।

वहां उनसे कॉल सेंटर के जरिये साइबर ठगी कराई जा रही थी। इनमें से कुछ लोग भारत लौटकर आए तो उन्होंने देश की सुरक्षा एजेंसियों से शिकायत की। एसीपी विवेक रंजन राय ने बताया कि गृह मंत्रालय से गौतमबुद्ध नगर जिले के 248 लोगों की सूची प्राप्त हुई है। ये लोग एक वर्ष के भीतर विभिन्न तरह के वीजा पर थाइलैंड, कंबोडिया और वियतनाम गए थे। इनके बैंक खातों का सत्यापन किया जा रहा है और उनके बारे में अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। अब तक की जांच में किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने नहीं आई है। आशंका व्यक्त की गई है कि इन लोगों को विदेश में बंधक बनाकर उनसे भारत के लोगों से साइबर ठगी कराई गई। इसके लिए वहां पर कॉल सेंटर खोले गए थे। इन कॉल सेंटरों में ही इन युवकों से काम कराया जाता था। सूत्रों के मुताबिक बड़े पैमाने पर शिकायतें मिली हैं कि विदेश गए युवाओं को अवैध कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और उनके जरिये भारतीयों को ठगा जा रहा है। जानकारी मिली है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के एक युवक को पुणे के ट्रैवल एजेंटों के एक नेटवर्क ने फंसा लिया था और उसे कंबोडिया भेज दिया था। जहां उसे



प्रबंधित कॉल सेंटर में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। पीड़ित को संचार कौशल में एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया था। इसके बाद उसे भारतीय मोबाइल नंबरों पर फोन कॉल करने और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कोरियर सेवाओं के कर्मचारी और कभी-कभी कानून प्रवर्तन अधिकारी के रूप में साइबर अपराध करने के लिए कहा गया था। इस काम के लिए युवक को 950 अमेरिकी डॉलर प्रति माह वेतन दिया जाता था। तीन माह बाद साइबर अपराधियों की प्रताड़ना और यातना सहन न कर पाने के कारण युवक कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास की मदद से भारत लौट आया था। तब से सक्रिय हुए गृह मंत्रालय ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कराई, जो इन देशों में गए थे। इनमें गौतमबुद्ध नगर के युवा भी शामिल हैं।

**लक्ष्य पूरा न होने पर दर्दनाक सजा :** विदेश के गए युवकों को फर्जी कॉल सेंटरों में ऑनलाइन फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता है। इन कॉल सेंटर के जरिये क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, नकली एप्लिकेशन का उपयोग करके क्रिप्टो मुद्रा में निवेश, हनी ट्रैपिंग के जरिये भारत के ही लोगों को ठगा जाता है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में किसानों को साधने के लिए भाजपा का ग्राम परिक्रमा वाला सुपर प्लान, 23 सीटों पर दिखेगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। दिल्ली देहात की 23 विधानसभा सीटों पर किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा अभियान शुरू करेगा। इसके तहत बूथ स्तर पर घर-घर जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की योजनाएं बताई जाएंगी। दिल्ली में विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा अपनी कमजोर सीटों को मजबूत करने में जुट गई है। गुरुवार को किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में यह फैसला लिया।

अलीपुर पर आयोजित किसान मोर्चा की कार्यकारिणी बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेनवा ने कहा कि 1961 से किसानों की जमीन के अधिग्रहण के बदले वैकल्पिक प्लॉट व दुकान देने की पॉलिसी है, लेकिन 2016 में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने किसानों के वैकल्पिक प्लॉट के आवंटन के आदेश निरस्त कर दिए। इस फैसले से राजधानी में 16,500 किसानों को प्लॉट नहीं मिले। दिल्ली में ऐसी सरकार है, जो किसानों को किसान होने का दर्जा तक नहीं देती। यहां के किसान ट्रैक्टर और दूसरे कृषि उपकरण खरीदने पर कर देते हैं। भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि आप सरकार के चलते पूरी दिल्ली के साथ दिल्ली देहात में विकास कार्य ठप हो गए हैं। जनता इस सरकार से मुक्ति चाहती है। दिल्ली में किसान अपने ही अधिकारों के लिए राज्य सरकार से लड़ रहे हैं, लेकिन दिल्ली सरकार दिल्ली देहात के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भी कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया और भाजपा के इतिहास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम में जाएं और केंद्र सरकार की योजनाओं समेत उपलब्धियों के बारे में बताएं। परेशान लोगों की हरसंभव मदद की जाए।

**यमुना के मामले पर दिल्ली सरकार को घेरा :** वहीं, दिल्ली भाजपा ने गुरुवार को यमुना के मामले पर भी दिल्ली सरकार को घेरा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यमुना में बड़ी मात्रा में विषाक्त झाग बनने के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। यह पहली बार है जब मॉनसून में भी इस तरह के विषाक्त झाग यमुना में बन रहे हैं। झाग का बनना संकेत देता है कि बड़ी मात्रा में अपशिष्ट जल, बिना ट्रीटमेंट सीवेज और उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषक यमुना में बिना किसी रोक-टोक के गिर रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने प्रतिवादी को किसी भी रूप में एडिडास चिह्न का इस्तेमाल करने से रोक दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक उद्योगपति को खेल के सामान एवं परिधान बनाने वाली दिग्गज जर्मन कंपनी एडिडास एजी से मिलते-जुलते नाम वाले ब्रांड का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। यह उद्योगपति अपने कपड़ा उत्पादों के लिए एडिडास ब्रांड नाम का इस्तेमाल कर रहा था। इसके लिए उसने सिंधी उच्चारण व भाषा की दलील देते हुए कहा कि वह अपनी बड़ी बहन के प्रति गहरी श्रद्धा दर्शाने के लिए एडिडास नाम का इस्तेमाल कर रहा है।

उसका दावा था कि 'आदिदास' (सिंधी भाषा में बड़ी बहन का भक्त) शब्द की कल्पना 'आदि' (बड़ी बहन) और 'दास' (भक्त) को मिलाकर की गई थी, ताकि इस पारिवारिक भक्ति को स्नेह को दर्शाया जा सके। इसी वजह से उसने कम्पनी का नाम आदिदास रखा था। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने कहा कि बहन के प्रति स्नेह जताने के लिए एडिडास नाम को चुनने के दावे की पुष्टि करने वाले साक्ष्य नहीं हैं। ऐसे में जर्मन कंपनी के ट्रेडमार्क से भ्रामक रूप से मिलने वाले नाम का इस्तेमाल न किया जाए। प्रतिवादी केशव एच. तुलसियानी ने दलील दी थी कि वह अपनी बड़ी बहन के प्रति गहरी श्रद्धा जताने के लिए एडिडास नाम का इस्तेमाल करना चाहता है। उसने कहा था कि सिंधी समुदाय में बड़ी बहन को 'आदि' कहा जाता है और वह खुद को उनका भक्त यानी 'दास' समझता है। केशव तुलसियानी एडिडास वीविंग मिल्स, एडिडास टेक्सटाइल्स इंडस्ट्रीज और एडिडास मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के साझेदार एवं निदेशक हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने इस दावे को नकारते हुए कहा कि 'एडिडास' जैसे विशिष्ट और मशहूर ट्रेडमार्क की नकल से उसकी विशिष्टता कम हो सकती है। ऐसे में प्रतिवादियों द्वारा इस तरह के चिह्न का अनधिकृत उपयोग वादी की स्थापित प्रतिष्ठा और सद्भावना से लाभ उठाने के प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। एडिडास एजी की तरफ से दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने कहा कि इस मामले में ट्रेडमार्क का उल्लंघन हुआ है लिहाजा वादी स्थायी रोक का आदेश पाने की हकदार है। इसके साथ ही न्यायालय ने प्रतिवादी को किसी भी रूप में एडिडास चिह्न का इस्तेमाल करने से रोक दिया। इसके अलावा तीन लाख रुपये का हर्जाना और मुकदमे की लागत के तौर पर 11.22 लाख रुपए देने का आदेश भी दिया।

# एमसीडी स्कूल बदहाल, जान जोखिम में डाल जर्जर इमारतों में पढ़ते हैं छात्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष निगम स्कूलों की खस्ताहाल स्थिति को लेकर निरीक्षण रिपोर्ट दाखिल की गई है, जिसमें बताया गया है कि जान का जोखिम उठाकर बच्चे जर्जर इमारतों में पढ़ रहे हैं। कहीं टीन शेड लगी है तो कहीं बारिश के कारण टीन शेड से पानी टपक रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष दाखिल इस रिपोर्ट में दिल्ली के नौ अलग-अलग जिले के स्कूलों की रिपोर्ट पेश की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे भी निरीक्षण जारी है। प्रत्येक स्कूल का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश की जाती रहेगी। पीठ ने इस मुद्दे पर पूर्व में दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, केंद्र सरकार व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर रखा है। पीठ ने प्रतिवादियों से कहा है कि बदहाल स्कूलों पर जवाब दाखिल करने को कहा हुआ है। ज्ञात रहे कि दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा स्कूलों के निरीक्षण के आदेश दिए गए थे। इसका अनुपालन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने इन स्कूलों का निरीक्षण कर यह रिपोर्ट उच्च न्यायालय के समक्ष पेश की है। इस मामले पर 26 जुलाई को उच्च न्यायालय में सुनवाई होनी है।

**सात हजार छात्र, 219 सेक्शन और केवल 137 शिक्षक :** इस रिपोर्ट में बताया गया है कि निगम के 17



स्कूल ऐसे हैं जहां छात्रों की संख्या सात हजार 567 छात्र पढ़ रहे हैं। ये छात्र 219 सेक्शन में पढ़ रहें हैं। जबकि शिक्षकों की कुल संख्या महज 137 है। जो इन छात्रों को पढ़ा रहे हैं। इसके आधार पर असंतुलन को समझा जा सकता है।

**इन स्कूलों के हालात पर पेश की गई रिपोर्ट :** मंगोलपुरी निगम स्कूल, सुबह की पाली- छह सौ छात्रों की क्षमता वाले इस स्कूल में टूटे-फूटे डेस्क व कुर्सियां हैं। दौ सौ से ज्यादा बच्चे फटी दरी पर बैठकर पढ़ रहे हैं। शिक्षकों की भारी कमी है। एक कक्षा में कई-कई सेक्शन के बच्चे पढ़ रहे हैं। एक शिक्षक को बच्चों को पढ़ा रहे हैं। प्राथमिक बाल विद्यालय, कल्याणपुरी, ब्लॉक नंबर-3- इस स्कूल के बच्चों को नई इमारत में वर्ष 2018 में स्थानान्तरित कर दिया गया था। पुरानी बिल्डिंग के 12 कमरें व बरामदा जर्जर स्थिति में खड़ा है। निगम के सहायक अभियंता की तरफ से वहां लिखा गया है कि यह इमारत खतरनाक है। निगम प्रतिभा को-एजुकेशन विद्यालय, कोंडली नंबर-2- 754 छात्र-छात्राओं वाला यह विद्यालय टिन शेड में चल रहा है। बारिश का मौसम होने के कारण टिन शेड से लगातार पानी टपक रहा है। निगम प्रतिभा विद्यालय, को-एजुकेशन, कड़कड़डूमा नंबर-2- सभी छात्र टूटे डेस्कों पर बैठे हैं। यहां शिक्षकों की भारी कमी है। कई सेक्शन एक साथ बैठ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

एशिया कप 2024

### भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

- शान के साथ किया फाइनल में प्रवेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 एशिया कप 2024 का पहला सेमीफाइनल भारत और बांग्लादेश की टीमों के बीच दाम्बुला के रंगिरी दाम्बुला इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए 81 रन का लक्ष्य दिया है। भारत की सधी हुई गेंदबाजी के कारण बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर सिर्फ 80 रन ही बना पाई। बांग्लादेश की ओर से निगार सुल्ताना और शोर्ना अख्तर ही दहाई का आंकड़ा छू पाईं। निगार सुल्ताना ने 32 रन बनाए। शोर्ना अख्तर 19 रन बनाकर नाबाद रहीं।

निगार सुल्ताना महिला एशिया कप 2024 में पहली बार आउट हुईं। भारत की ओर से रेणुका सिंह ठाकुर ने 4 ओवर में 10 रन और राधा यादव ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3-3 विकेट लिए। रेणुका और राधा दोनों ने अपने स्पेल का आखिरी ओवर मेडन डाला। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। उसने अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया। भारत की प्लेइंग इलेवन में 3 बदलाव हैं। दयालन हेमलता, एस संजना, अरुंधति रेड्डी की जगह उमा छेत्री, हरमनप्रीत कौर और पूजा वस्त्राकर प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं।

पिछले मैच में हरमनप्रीत कौर की जगह स्मृति मंधाना ने भारतीय टीम की कमान संभाली थी। जवाब में इंडिया ने बिना विकेट खोए 11 ओवर में 83 रन बनाकर यह मैच 10 विकेट से जीत लिया। मंधाना 55 एवं सेफाली वर्मा 26 रन बनाकर नाबाद रहीं।

### बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों की 31 जुलाई को होगी बैठक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीआई और आईपीएल टीमें अब एक्शन में आती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को बैठक होने वाली है जिसमें आईपीएल टीमें कितनी रिटेंशन कर सकती हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले राइट टू मैच (आरटीएम) के विकल्प क्या होंगे, इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी।

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई को होने वाली बैठक के लिए गुरुवार सुबह फ्रेंचाइजी मालिकों को टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिसमें उन्हें यह बताया गया कि जल्द बैठक की जानकारी दी जाएगी। अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि अभी वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बैठक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआई मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होने की उम्मीद है।

आईपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए, नीलामी से तीन और अन्य राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करक फ्रेंचाइजी को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमों गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरूआत के परिणामस्वरूप मौजूदा टीमों को चार खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी गई, जिसमें कोई आरटीम कार्ड शामिल नहीं था। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई द्वारा रिटेंशन की संख्या पांच या छह रखी जा सकती है। रिटेंशन को सीमित करने के पीछे तर्क यह है कि अधिक संख्या नीलामी के उत्साह को कम कर सकती है।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के लिए पाकिस्तान से आया अनोखा बयान

# हम अच्छे लोग हैं...





**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेज़बानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के लिए किसी भी कीमत पर राज़ी होती नहीं दिख रही है. चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर लगातार बयानबाजी भी देखने को मिल रही है. तमाम पाकिस्तानी क्रिकेटर्स अपनी-अपनी राय रख चुके हैं.

कोई कह चुका है कि भारत के बगैर की चैंपियंस ट्रॉफी खेले लेंगे. लेकिन अब चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर शोएब मलिक ने बड़ा ही अनोखा बयान दिया है. मलिक ने भारतीय टीम से पाकिस्तान आने की दरख्वास्त की है. मलिक ने टीम इंडिया से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आने का अनुरोध करते हुए कहा कि हम बहुत अच्छे लोग हैं.

पाकिस्तान क्रिकेट से बात करते हुए शोएब मलिक ने कहा, देशों के बीच जो भी आपत्तियां हैं, वह अलग मुद्दा है और उसे अलग से हल किया जाना चाहिए. राजनीति खेल के अंदर नहीं आनी चाहिए. पिछले साल पाकिस्तान की टीम भारत गई थी और अब टीम इंडिया के लिए अच्छा मौका है. मुझे लगता है कि टीम में कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने पाकिस्तान में नहीं खेला है, इसलिए यह उनके लिए अच्छा होगा. हम बहुत अच्छे लोग हैं. मुझे यकीन है कि इंडिया टीम को ज़रूर आना चाहिए.

**पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया?**

अगर मीडिया रिपोर्ट्स की मानी जाए तो यही पता चलता है कि टीम इंडिया पाकिस्तान जाने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहा है. कुछ रिपोर्ट में तो यह भी बताया गया था कि अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं. पीसीबी ने इस बात को आईसीसी पर छोड़ दिया कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान आए.

**2023 के एशिया कप में भी पाकिस्तान नहीं गई थी टीम इंडिया:** गौरतलब है कि 2023 में हुए एशिया कप की मेज़बानी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं किया था. एशिया कप में भारतीय टीम ने अपने मुकाबले हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका में खेले थे. अब देखना दिलचस्प होगा कि चैंपियंस ट्रॉफी पर क्या नतीजा निकलता है.

## उनकी सोच एक जैसी है... नए कोच और नए कप्तान के दृष्टिकोण पर बोले शुभमन गिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पूरी तरह से तैयार है। टी20 विश्व कप के बाद शुभमन जिमबाब्वे दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया का नेतृत्व किया और जिमबाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 4-1 से जितवाने में टीम इंडिया को मदद की। अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में नए कप्तान और नए कोच पर उन्होंने अपनी राय रखी है। उन्होंने टीम के लिए दृष्टिकोण के मामले में गंभीर और सूर्यकुमार की सोचने की प्रक्रिया को समान माना। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई एक ही विचार पर है। मैं सूर्य भाई के नेतृत्व में खेला हूं और मुझे लगता है कि उनके (गंभीर और सूर्यकुमार) संचार और सोचने का तरीका समान है।



टी20 से रोहित के संन्यास के बाद, गिल के पास यशस्वी जयसवाल के रूप में एक नया ओपनिंग पार्टनर है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में एक-दूसरे के साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लेते हैं, खासकर जिस तरह के शॉट्स हम दोनों खेलते हैं, हम एक-दूसरे के पूरक होते हैं। दाएं-बाएं संयोजन होने के नाते...हमने एक साथ जो मैच खेले हैं उनमें हमारी साझेदारी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास 150 रन की दो साझेदारियां हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी समझ और संचार है और यह बहुत आनंददायक है।

गिल ने भारत के नवनियुक्त सहायक कोच अभिषेक नायर की भी प्रशंसा की, जिनके साथ उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स में काम किया था। उन्होंने कहा कि वह (नायर) मैदान पर बहुत प्रयास करते हैं। वह खिलाड़ियों के साथ तब तक रहते हैं जब तक वे अपने कौशल से संतुष्ट नहीं हो जाते। यह उनका सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है। शुभमन ने कहा कि श्रीलंका के खिलाफ तीन टी-20 और तीन वनडे टेस्ट मैचों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने उपकप्तानी मिलने पर अतिरिक्त दबाव के सवाल पर कहा कि इससे (उप-कप्तानी) ज्यादा बदलाव नहीं होता है। जब मैं वहां बल्लेबाजी करता हूं, तब भी मुझे प्रदर्शन करने की जरूरत होती है और मुझे टीम के लिए मैच जीतने की जरूरत होती है।

पेरिस ओलंपिक 2024

## आर्चरी में भारतीय पुरुष टीम का कमाल, डायरेक्ट क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में आर्चरी में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने बहुत ही धमाकेदार प्रदर्शन किया है और टीम इवेंट में क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत के लिए धीरज बोम्मदेवरा, तरूणदीप राय, प्रवीण जाधव ने अच्छा खेल दिखाया और सटीक निशाने लगाए।

### तीसरे नंबर पर रही भारतीय पुरुष टीम

आर्चरी के रैंकिंग राउंड में भारती पुरुष टीम तीसरे नंबर रही है। टीम ने कुल 2013 अंक का स्कोर किया है। भारत के लिए धीरज बोम्मदेवरा ने 681 व्यक्तिगत स्कोर, तरूणदीप राय ने 674 व्यक्तिगत स्कोर, प्रवीण जाधव ने 658 व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया है। इसी वजह से भारत का कुल स्कोर 2013 हो गया है और भारतीय पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह मिल गई है। रिपब्लिक ऑफ कोरिया की टीम पहले नंबर पर है। टीम ने 2049 का स्कोर किया है। वहीं 2025 स्कोर के साथ फ्रांस की टीम दूसरे नंबर पर रही है। चीन ने 1998 का स्कोर किया है। चीन की टीम चौथे नंबर पर है। अब आर्चरी में भारत, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, फ्रांस और चीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

### आर्चरी के रैंकिंग राउंड में पुरुष टीमों का स्कोर-

दक्षिण कोरिया - 2049 अंक
फ्रांस - 2025 अंक
भारत - 2013 अंक
चीन - 1998 अंक

भारत के पुरुष तीरंदाजों का व्यक्तिगत स्को-

बोम्मदेवरा धीरज (681 अंक) - चौथा स्थान
तरूणदीप राय (674 अंक) - 14वें स्थान पर
प्रवीण जाधव (658 अंक) - 39वें स्थान पर

### आर्चरी के मिक्सड इवेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम

धीरज बोम्मदेवरा ने 681 अंक और अंकिता भकत ने 666 अंक जोड़े। इस तरह भारतीय मिक्सड इवेंट में 1347 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर रही है। मिश्रित स्पर्धा के राउंड 16 में भारत का मुकाबला इंडोनेशिया से होगा और क्वार्टर फाइनल राउंड में संभावित रूप से भारत का सामना चीन से हो सकता है।

हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद पर

## जसप्रीत बुमराह ने शेयर की ड्रेसिंग रूम के अंदर की बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दौरान मुंबई इंडियंस की टीम कप्तानी को लेकर चर्चा में रही। मुंबई प्रबंधन ने रोहित को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था। इसका मुंबई के प्रशंसकों ने मैच के दौरान विरोध करना शुरू कर दिया। हार्दिक को तो मैदान पर ही काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

वानखेड़े स्टेडियम में कुछ प्रशंसकों ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए। इस मामले पर मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद के दौरान ड्रेसिंग रूम का क्या माहौल था, पर खुलकर बात की है। बुमराह ने कहा कि कभी-कभी हम समझते हैं, हम ऐसे देश में रहते हैं जहां भावनाओं की बात होती है। हम समझते हैं कि प्रशंसक भावुक हो जाते हैं। खिलाड़ी भावुक होते हैं। इससे यह प्रभावित होता है कि आप एक भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन आपके प्रशंसक अच्छी तरह से बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन आपको इसे अपनी ठुड्डी पर रखना होगा।



यह इतना आसान नहीं है। वे चिल्ला रहे हैं। आप इसे सुन सकते हैं। लेकिन तब आपका आंतरिक घेरा मदद करता है। हम एक टीम के रूप में उनके साथ थे, उनसे बात कर रहे थे। उनका परिवार हमेशा वहां रहेगा जब हमने विश्व कप जीता तो वह कहानी भी बदल गई। बुमराह ने कहा कि आप इसे गंभीरता से नहीं ले सकते। अब जब लोग प्रशंसा करते हैं तो यह सब कुछ या अंत नहीं होता। जब हम एक गेम हारते हैं तो वह कहानी फिर से बदल सकती है। यह एक खिलाड़ी की यात्रा का हिस्सा है। यह उचित नहीं है। एक टीम के रूप में हम एक आदमी को पीछे नहीं छोड़ सकते।

हम एक-दूसरे के लिए हैं। हम एक-दूसरे की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने हार्दिक के साथ बहुत क्रिकेट खेला है। यह हमारी दुनिया के खिलाफ हैं। आप बहुत ज्यादा परिचय नहीं देना चाहते। हम साथ थे और जरूरत पड़ने पर उसकी मदद करने की कोशिश कर रहे थे। बुमराह ने इस दौरान आईपीएल में शुरूआत और रोहित के साथ रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब मैं क्रिकेट में आया, तो मुझे बहुत कुछ नहीं पता था।

मैंने जब आईपीएल खेलना शुरू किया तो मैं रोहित शर्मा के पास जाकर कहता था कि आप फील्ड सेट करें, मुझे नहीं पता। मैं यह गेंदबाजी करने जा रहा हूं। यह गेंद होगी। आप फ़ील्ड सेट कर दो। मुझे आप पर भरोसा है, फील्ड कोई भी हो आप फील्ड सेट करते हैं- फिर धीरे-धीरे मुझे एहसास हुआ कि मैं दूसरों पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रह सकता, तब मैंने कला सीखना शुरू किया।

## गंभीर के लिए अपने खिलाड़ियों को समझना मुख्य चुनौती: रवि शास्त्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अनुभव के बावजूद भारतीय टीम के नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए अपने खिलाड़ियों को समझना बड़ी चुनौती होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद रिव्यू कार्यक्रम के दौरान शास्त्री ने कहा, 'खिलाड़ियों का प्रबंधन कोच का प्रमुख काम है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इसे कैसे करता है। उसके पास ये सब करने का पर्याप्त अनुभव और साधन है।

वह खिलाड़ियों को जल्द से जल्द समझने का प्रयास करेगा कि उनकी क्या विशेषता है, वे किस तरह के इंसान हैं, उनका व्यक्तित्व और स्वभाव कैसा है। एक इंसान को समझने के लिए कई तरह के मानक होते हैं। उन्होंने कहा, 'वह समकालीन है और मेंटॉर के रूप में उसका पिछला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र अच्छा गया है। उसकी उम्र भी सही है और वह अभी युवा भी है। वह नए आइडियाज के साथ टीम में आएगा।

## 15 और 16 अगस्त 2024 को होगी प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 की नीलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मशाल स्पोर्ट्स के मुताबिक प्रो कबड्डी लीग के नए सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 15 और 16 अगस्त 2024 में होगी. प्रो कबड्डी लीग का



10 साल का सफर काफी शानदार रहा है.

लीग की शुरुआत 10 साल पहले मुंबई में यू मुंबा और जयपुर पिंक पैंथर्स टीमों के बीच खेला गया था. वही पिछले सीजन का आयोजन 2 दिसंबर 2023 से शुरु होकर 1 मार्च 2024 तक चला था. जिसमें पुनेरी पल्टन और हरियाणा स्टीलर्स के बीच फाइनल खेला गया था. प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 की विजेता पुनेरी पल्टन रही थी. इसके साथ ही प्रो कबड्डी लीग 10 सीजन पूरे करने वाली भारत की दूसरी लीग बन गई है.

प्रो कबड्डी लीग के कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा की हमें ये बताने में खुशी हो रही है की प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होगी. कबड्डी काफी लंबे समय से भारत का लोकप्रिय और अनूठा खेल रहा है. भारत में लगातार प्रो कबड्डी लीग की लोकप्रियता में इजाफा देखने को मिला है. वही इस लीग की वजह से भारतीय कबड्डी टीम में भी कई युवा खिलाड़ियों जलवा देखने को मिल रहा है.

# भारतीय हॉकी टीम पेरिस में पदक की प्रबल दावेदार: हरेंद्र सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन को लेकर महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने बयान दिया. हरेंद्र ने कहा की मैं ये नहीं बता सकता की पदक किस रंग का होगा लेकिन ये जरुर कहूंगा की पदक पक्का है.

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है. हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की प्रबल दावेदार है. वही उन्होंने भारतीय हॉकी टीम को एक सलाह भी दी है. हरेंद्र ने कहा की उनकी टीम को एक ही सलाह है कि बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ. द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हरेंद्र सिंह 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं. वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे.

हरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ . भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है. मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिये नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं.भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर




और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है. इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है. उन्होंने आगे कहा की क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं. उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिये क्या चाहिये और दबाव के हालात से कैसे निपटना है. उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है.

हरेंद्र सिंह ने साल 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि हरमनप्रीत सिंह एक दिन भारत के कप्तान बनेंगे.हरमनप्रीत शानदार कप्तान है. मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिये जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा.उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है . यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है . यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है. भारत के गोलकीपर श्रीजेश को लेकर कहा की वो मेरा जांगू ( श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम ) है. पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा . इतने साल से इतनी ज्यादा हॉकी खेलते हुए भी आज तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहना , शारीरिक और मानसिक रूप से इतना फिट रहना आसान नहीं. वह कमाल का खिलाड़ी है.

# बाई पास सड़क निर्माण कार्य की अति शीघ्र होगी जांच : विधायक गुनौर

## बाई पास सड़क पूरी तरह से उखड़ी, क्षेत्रीय विधायक ने किया निरीक्षण



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर में हाल में ही बनी बाईपास सड़क मार्ग तकरीबन ढाई किलोमीटर की बनते ही उखड़ गई पहली बारिश से ही कई हिस्सों में फट गई। जिसको लेकर स्थानीय मीडिया ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया और जिसको लेकर भोपाल से लौटते ही पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ राजेश वर्मा जी आज इस मार्ग पर पहुंचे और बाईपास सड़क मार्ग का पूरी सूक्ष्मता से निरीक्षण किया आपने पन्ना सड़क मार्ग से प्रवेश करते हुए हिनौती रोड तक पूरी सड़क को चेक किया और कई स्थानों पर रुक-रुक कर अवलोकन किया सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई कहीं भी सड़क का सुरक्षित नहीं बची सड़क निर्माण कार्य में भाई और कोताही को लेकर विधायक जी अचंभित हुए। जिसको लेकर स्थानीय मीडिया और उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कहां की ये सड़क निर्माण कार्य जो अभी हाल में ही हुआ है इस निर्माण कार्य की पूरी बारीकी से जांच कराई जाएगी साथ ही सड़क को फिर से मजबूत बनाया जाएगा। याद हो कि की राज्य शासन मध्य प्रदेश द्वारा यह संपूर्ण सड़क तकरीबन 9 करोड रुपए की स्वीकृत की गई जिसके दो अलग-अलग चरनो में विभाजित कर बनाया गया। जिसमें पन्ना रोड से हिनौती रोड तक की लंबाई तकरीबन ढाई किलोमीटर सुरक्षित बताई गई और जिसकी लागत 4 करोड़ तकरीबन 90 लाख रुपए बताई गई। सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा अपने निर्माण कार्य में व्यापक लापरवाही बरती गई और सड़क निर्माण को ना तो ठीक से पिचिंग में डाला गया और ना ही पहले और दूसरे कोर्ट उसके मजबूत बनाए गए बरसात लगने की कुछ ही दिन पहले उसका डामली करण कर दिया गया। जिससे वाहनों के आरंभ होते ही सारी सड़क पूरी बिखर गई नीचे से कच्चे पदार्थ को मजबूती से दबाया नहीं गया। जबकि सिमरिया सड़क मार्ग से हिनोती सड़क मार्ग तक जो बाईपास सड़क बनाई गई है वह पूरी तरह से मजबूती से बनाई गई है। मोके से ही विधायक जी ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को संपर्क में लेते हुए सड़क निर्माण पर की गई लापरवाही पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सड़क निर्माण के जांच की बात कही और बरसात के खत्म होने के बाद शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य लगाए जाने पर अपने विचार प्रकट किए इस मौके पर आपके साथ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी पत्रकार अमित द्विवेदी जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौबे उपस्थित सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में 432.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज, सर्वाधिक वर्षा पवई में

**पन्ना।** पन्ना जिले में 1 जून से 25 जुलाई 2024 की अवधि में 432.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह गत वर्ष उक्त अवधि में दर्ज 331.6 मिमी औसत वर्षा से 100.7 मिमी अधिक है। अब तक सर्वाधिक वर्षा पवई में 531 मिमी और सबसे कम देवेन्द्रनगर में 295.2 मिमी दर्ज की गई है, जबकि पन्ना में 471.3 मिमी, गुनौर में 370 मिमी, अमानगंज में 487.2 मिमी, सिमरिया में 505 मिमी, शाहनगर में 358.8 मिमी, रैपुरा में 515.8 मिमी और अजयगढ़ में 356.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार आज सर्वाधिक वर्षा पन्ना में 148.3 मिमी और सबसे कम देवेन्द्रनगर में 8.2 मिमी दर्ज की गई। इसी तरह गुनौर में 23.4 मिमी, अमानगंज में 87.3 मिमी, पवई में 115 मिमी, सिमरिया में 89.2 मिमी, शाहनगर में 108.4 मिमी, रैपुरा में 90.2 मिमी तथा अजयगढ़ में 82.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# जिला अस्पताल में मेटरनिटी वार्ड के पास बारिश का पानी, वर्षाकाल में वर्षों से बनी बड़ी समस्या

## आखिर इसके निदान को लेकर जिम्मेदार के द्वारा कब गौर किया जायेगा?

**मरीजों को परेशानी का सामना तो करना ही पड़ता है साथ ही ड्यूटीरत कर्मचारी भी उससे अछूते नहीं होते**



**पन्ना।** जिला चिकित्सालय में जहां मेटरनिटी वार्ड के पास पानी वर्षाकाल का अचानक अपने आप में समस्या बनाने को लेकर स्वयं ही जाना जाता है। जिला अस्पताल में जहां डिलेवरी के बाद जच्चा-बच्चा दोनों ही मेटरनिटी वार्ड उपचार को लेकर भी जाने जाते है। साथ ही प्रसव पीड़ा के समय भी महिलायें जिला चिकित्सालय में भर्ती रहती है। इन परिस्थितियों में जहां मेटरनिटी वार्ड में पानी का भराव वर्षाकाल में जिला चिकित्सालय में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। जिसके निदान को लेकर आखिर वरिष्ठ अधिकारी जैसे सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी आखिर कब इस समस्या के निदान को लेकर उचित निर्णय लेकर कार्य करने की पहल करेंगे। क्या किसी बड़े हादसे के इंतजार को लेकर समय याद दिलायेगा। अपने आप में जिला चिकित्सालय जहां मरीज दुःख के समय उपचार के लिए पहुंचते है वहीं वर्षा होने पर पानी की समस्या भराव को लेकर जिला चिकित्सालय का यह मेटरनिटी वार्ड स्वयं ही कई बार सोशल मीडिया में इस दृश्य को बयां कर चुका है। फिर भी सुधार को लेकर कब तय होगें हालात यह तो जिम्मेदार ही जाने। वहीं मरीजों के साथ परिजन भी इन परेशानियों के दौर से गुजरते है आखिर जिला अस्पताल में मरीजों व परिजनों का क्या कसूर है जब विगत दिवस भारी बारिश के चलते एक बार फिर जिला अस्पताल में मेटरनिटी वार्ड में पानी के हालात भराव को लेकर सोसल मीडिया में हो रहे वायरल वीडियो स्वयं ही कर रहे बयां। देखना यह है कि क्या जिले के संवेदनशील कलेक्टर इस समस्या के निदान को लेकर जिम्मेदारों को सजग करेंगें। ताकि मरीजों व परिजनों को उपचार के दौरान जिस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उससे छुटकारा मिल सकता है।

# गौचर भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया आवेदन

## गौचर भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध में ग्रामीण आगे आये



**पन्ना।** किस तरह से हालात बदलेगें यह आज जागरुकता की मिशाल सामने आने लगी। उदाहरण को लेकर गांव झण्डा नयाकोठी टोला में गौचर चरनोई की जमीन खसरा नम्बर 204/1 राजस्व गांव झण्डा क्षेत्र 3.04 हेक्टर जमीन जो मेन रोड़ पहाड़ीखेरा मझगवां रोड के किनारे दिया गांव के पूर्व सरपंच छत्रपाल सिंह व उनके भाईयों के द्वारा बोर कराकर गौचर भूमि में खेती की जा रही है। ग्रामीणों ने उक्त क्षेत्र में पशुओं के लिए अब जमीन नहीं बची जिससे बहुसंख्यक पशु हमारी जमीनों में फसलों का नुकसान कर रहे है। इससे पीड़ित होकर गांव के लोग गौचर भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर जहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे।

इस तरह से साफ जाहिर हो रहा है कि गांव-गांव में अब जागरुकता गौचर भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर स्वयं ही आने लगे ग्रामीण, बदले हालात देखना यह है कि अब प्रशासन की कार्यप्रणाली ग्रामीणों के आवेदन के बाद कब तक गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करायेगें। यह तो वक्त ही तय करेगा।

# तहसीलदार अमानगंज के दिशा निर्देशन में समूचे तहसील प्रांगण में आम जनता को राहत : डॉ पांडे



**अमानगंज।** मध्य प्रदेश शासन राजस्व मंत्रालय वल्लभ भवन सचिवालय के दिशा निर्देश में आम जनता शासन का लाभ एवं सेवारत शासकीय कर्मचारियों को मार्गदर्शन देने के साथ ही न्यायालय तहसीलदार आशुतोष मिश्रा दिन रात संघन दौरा करते हैं। सीमित वित्तीय संसाधनों के बावजूद मिश्रा जी समूचे एक सैकड़ा ग्रामों अर्थात राजस्व ग्राम, मजरा, टोला सहित दूर दराज अंचलों तक जा जाकर किसानों के बीच सीमांकन नक्शा तरमीम बटवारा आदि-आदि जनहितैषी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही आम जनता को राहत प्रदान कर रहे हैं। जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉक्टर एमपी पांडे ने ज्वाला देवी प्रांगण में बताया कि शासन की उदार नीति के तहत आम जनता को सुख सुविधा प्रदान करने का संकल्प लेकर आदरणीय तहसीलदार आशुतोष मिश्रा उनके अधीनस्थ सेवारत न्यायालय तहसीलदार सुनवानी कला पी एल शांडिल्य एवं उनके अधीनस्थ तमाम पटवारी गण तीन दर्जन जिनमें हल्का नंबर 18 सिरी गर्ग जी, हल्का नंबर 45 राजेश सिंह एवं हल्का नंबर 14 अभिषेक पटेल जमीन नापने का फीता जेब में डालकर पैदल एक-एक गांव में चलते हुए देखे जा रहे हैं। क्षेत्रीय सरपंच गडोखर लक्ष्मण सिंह, केवलिया चौधरी एवं गणमान्य नागरिक कन्हैयालाल मिश्रा क्षेत्र के चारों तरफ भाग दौड़कर कर स्वयं खेतों की मेढ़ों पर जाकर नपाई का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करते हुए देखे जा रहे हैं। डॉक्टर पांडे ने राजस्व मंत्री एवं प्रमुख सचिव राजस्व मंत्रालय बल्लभ भवन से विनम्र अनुरोध किया है कि अगले वित्तीय वर्ष में अर्थात अप्रैल 2025 के सानिध्य में इन समस्त न्यायालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी गणों सहित सेवा संवर्ग से जुड़े तृतीय, चतुर्थ श्रेणी आदि अमले को लाभ दिलाने शासन से मांग की हैं।

## जिला पंचायत में प्रशिक्षण सह कार्यशाला 31 जुलाई को

**पन्ना।** कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 की धारा 4 के तहत सभी उपयुक्त कार्यालय व कार्यस्थल में आंतरिक परिवाद समितियों का गठन किया गया है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी और समिति की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए 31 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा संबंधित जिला अधिकारियों को कार्यशाला में अनिवार्य रूप से जिला स्तरीय कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समितियों के अध्यक्ष व सदस्यों को उपस्थित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# आधार से ई-केवायसी एवं समग्र से खसरे लिंकिंग का कार्य प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**पन्ना**

शासन के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भी 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। महाअभियान में नागरिकों के लिए समग्र आईडी आधार से ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग का कार्य भी किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा समीक्षा के दौरान उक्त कार्य प्राथमिकता से आगामी चार दिवस में पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत नगरीय निकाय के कर्मचारी एवं संबंधित पटवारी तहसील कार्यालय में और ग्राम पंचायत सचिव व रोजगार सहायक तथा संबंधित पटवारी को ग्राम पंचायत भवन में निरंतर उपस्थित रहकर नॉन ई-केवायसी समग्रधारकों की पोर्टल पर सूची अनुसार प्रदत्त समग्र पोर्टल आईडी के तहत समग्र ई-केवायसी का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए सभी नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद पंचायत सीईओ को सेक्टर स्तर पर मॉनीटरिंग अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

इसके अलावा हल्का पटवारी संबंधित ग्रामीण व नगरीय निकाय के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से कार्य कर ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी को समग्र पोर्टल पर उपलब्ध समग्र से भूमि लिंक करें मेन्यू के माध्यम से खसरे की लिंकिंग का कार्य सुनिश्चित करेंगे। समस्त तहसीलदार द्वारा राजस्व सर्कल स्तर पर मॉनीटरिंग अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उक्त दोनों कार्यों के समन्वय और निगरानी का दायित्व सौंपा गया है। आगामी टीएल बैठक में उक्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

स्थानीय निकायों के अतिरिक्त नॉन ई-केवायसी समग्र धारकों की समग्र ई-केवायसी कार्य और समग्र से खसरा लिंकिंग का कार्य तत्परता से संपादित करने के उद्देश्य से एमपी ऑनलाइन के जिला समन्वयक टीकमदास कबीरपंथी 7049923882, कॉमन सर्विस सेन्टर के जिला समन्वयक दीपेन्द्र सिंह 8604033643 और लोक सेवा केन्द्र के लिए जिला प्रबंधक पंकज शिवहरे 8319933761 अपनी विभागीय टीम के माध्यम से कराना सुनिश्चित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि समग्र आईडी का ई-केवायसी संबंधी कार्य ग्राम पंचायत सचिव एवं नगरीय निकाय को उपलब्ध कराई गई समग्र पोर्टल की आईडी से और एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क तथा तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। समग्र पोर्टल पर उपलब्ध मॉड्यूल के माध्यम से ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी को भूमि से जोड़ने के लिए अनुरोध दर्ज करने का प्रावधान किया गया है।

## जिला पंचायत में प्रशिक्षण सह कार्यशाला 31 जुलाई को

**पन्ना।** कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 की धारा 4 के तहत सभी उपयुक्त कार्यालय व कार्यस्थल में आंतरिक परिवाद समितियों का गठन किया गया है। इस संबंध में आवश्यक जानकारी और समिति की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए 31 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे से प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा संबंधित जिला अधिकारियों को कार्यशाला में अनिवार्य रूप से जिला स्तरीय कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समितियों के अध्यक्ष व सदस्यों को उपस्थित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# स्कूल शिक्षा विभाग कैरियर पोर्टल पर उपलब्ध है महत्वपूर्ण जानकारियाँ

**पन्ना**

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुसार कैरियर विकल्पों का चयन करने के लिये कैरियर पोर्टल तैयार किया है। पोर्टल पर 500 से अधिक कैरियर संबंधी, 7 हजार 500 से अधिक कॉलेज, 1000 से अधिक प्रवेश परीक्षाएँ और 750 से अधिक छात्रवृत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थी अपनी पसंद का ऑप्शन चुन सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षिक एवं कैरियर के विकल्पों के चयन के लिये कैरियर काउंसिलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध के आधार पर समस्त विद्यालयों में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। काउंसिलिंग एवं गाईडेंस से संबंधित कौशल विकास के लिये 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के लिये प्रत्येक जिले से 2-2 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है और उन्हें आईसीएस पोर्टल और एप के उपयोग संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाया गया है। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम वोकेशनल ट्रेनर को प्रशिक्षण दिलाया गया है। व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत एम्प्लॉयबिलिटी के लिये आवश्यक हॉर्ड-सॉफ्ट स्किल के विकास की जानकारी, आईसीएस कॅरियर जीपीएस मोबाईल एप पर पंजीयन के बाद विद्यार्थियों को उनकी रूचि और एप्टीट्यूड के अनुसार कॅरियर से संबंधित विकल्पों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपने आस-पास के स्कूलों के बीच सकारात्मक तालमेल रख सकें। इसके लिये प्रत्येक जिले में 10 चयनित विद्यालयों में कल्चरर ट्वीनिंग कार्यक्रम को चलाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों को आस-पास के विद्यालयों की कला, खेल और कॅरियर से संबंधी गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। विद्यार्थियों को संस्कृति, परिवेश, साहित्यिक आयोजन और संवाद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

# हल्का 45 में पदस्थ पटवारी विजय गोपाल वर्मा से किसान परेशान

**सलेहा।** गुनौर तहसील के हल्का नं 45 भुलगवां में पांच गांव आते हैं आप सभी को विदित है की पटवारी से किसानों के आयदिन काम बने रहते हैं अगर पटवारी हल्का में उपस्थित न रहते हों न ही इनके मिलने जुलने का कोई सुनिश्चित इस्थान हो न फोन के माध्यम से बात जीत हो तो इस तरह के पदस्थ पटवारी से किसान कितने परेशान होंगे हल्का भुलगवां पटवारी विजय गोपाल वर्मा कई वर्षों से उक्त हल्का में पदस्थ हैं और इनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय क्रियाक लापों से किसान परेशान हैं पटवारी विजय गोपाल वर्मा द्वारा किसानों का समय पर काम नहीं किया जाता है और न यह हल्का में उपस्थित रहते हैं इस विषय को लेकर गुनौर एसडीएम तहसीलदार से शिकायत की गई मगर आजतक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### इनका कहना है

*हम किसानों की समस्या समझते हैं हम पटवारी के वर्ताव से परिचित हैं हम जल्द ही पटवारी विजय गोपाल का हल्का भुलगवां से ट्रांसफर कर दूसरे पटवारी को पदस्थ करेंगे।*

**रामनिवास चौधरी, एसडीएम गुनौर**

## सफाईकर्मी पद के लिए करें आवेदन

**पन्ना।** केन्द्रीय जेल सतना अंतर्गत पन्ना सहित मैहर एवं छतरपुर की जिला जेल एवं उप जेल में रिक्त सफाईकर्मी के पद पर नियुक्ति की जाना है।

## खोरा ग्राम के मुख्य सड़क मार्ग का गड्ढा बना लोगों की मुसीबत

**पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की सबसे बड़ी पंचायत खोरा पंचायत में विकास कार्य बहुत धीमी गति से चल रहे हैं यहां मुख्य सड़क में चौराहे के पास थोड़ी सी बारिश में तालाब में तब्दील हो जाता है यहां से गुजरने वाले छात्राएं एवं आम नागरिक आए दिन घायल हो रहे हैं यहां से ई रिक्शा निकलने वाले ज्यादातर उनकी मोटर जल चुकी है जैसे ही इस गड्ढे में प्रवेश होता है वैसे ही पूरी गाड़ी समा जाती है। ग्राम पंचायत के लोगों ने मांग की है कि मुख मार्ग में बने इस गड्ढे जो थोड़ी सी बारिश में तालाब जैसी दलदल को सुधार करें ताकि यहां से गुजरने वाले छात्राएं एवं आम नागरिक व छोटे गाड़ियों के निकलने की सुविधा बन सके।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिये निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरुवार को गुनौर, पवई, शाहनगर एवं अमानगंज पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय सहित दूर-दराज क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं व गतिविधियों के क्रियान्वयन का जायजा लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान समस्त राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत अपने-अपने मुख्यालयों पर रहकर समस्त प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान अंतर्गत राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 45 दिन सुनिश्चित किए गए हैं, जिसके अंतर्गत सभी लंबित एवं वर्तमान में आने वाले प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण के साथ ही अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने व नक्शा दुरूस्तीकरण की कार्यवाही भी की जाना है। कलेक्टर ने वर्षाकाल के दृष्टिगत बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार का भी पूरा प्रबंध करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर सुरेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिम्मेवारी के साथ दायित्वों को निर्वहन कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार किसानों के खसरा ई-केवायसी एवं आधार लिंकिंग कार्यवाही भी समय पर पूर्ण करने के लिए कहा। तहसील कार्यालय में बैठक कर वर्षा की स्थिति, बोवनी, खाद व बीज की उपलब्धता सहित विभिन्न लंबित व निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। बाढ़ राहत व बचाव कार्य के संबंध में की गई तैयारियों और ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के क्रियान्वयन के बारे में भी पूछा तथा आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्परतापूर्वक कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया। तहसील व एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण कर दस्तावेज व अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान सभी दस्तावेजों के व्यवस्थित रूप से संधारण के लिए कहा। तहसील में आयोजित बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने गुनौर में जनभागीदारी से निर्मित 165 दुकानों के निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त की व स्वयं बाजार में पैदल भ्रमण कर दुकानों का भौतिक सत्यापन किया। स्थानीय दुकानदारों व नागरिकों से भी चर्चा की। इस दौरान अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों से भेंट कर किसी भी प्रकार की प्रशासनिक स्तर की समस्या के तत्काल निराकरण का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामनिवास चौधरी, तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, प्रीती पंथी, कोमल सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 27 जुलाई 2024 | 8


केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में किया।



# कारगिल विजय दिवस पर लगाई गई प्रदर्शनी

**रीवा।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में किया। प्रदर्शनी में कारगिल युद्ध के दौरान होने वाली गतिविधियों और वीर शहीदों के चित्रों को प्रदर्शित किया गया। रजत जयंती पर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर कुलगुरू प्रो. आचार्य ने कहा कि हमें जीवन में अनुशासन में रहना चाहिए। अनुशासन से ही हमने कारगिल की कठिन लड़ाई जीती। उन्होंने इस लड़ाई के सैनिकों एवं शहीदों की वीरता की चर्चा भी की। पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की प्राचार्य डॉ आरती सक्सेना ने कहा कि यदि हम सेना में जाकर देश के लिए नहीं लड़



पाये तो हमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। हम जो कार्य कर रहे हैं वह पूरी ईमानदारी से करें जिससे हम अपने देश की उन्नति के काम आ सके। कार्यक्रम में केंद्र संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मुकेश मंडल ने कारगिल की लड़ाई एवं संघर्ष के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ मुकेश येंगल ने कारगिल की लड़ाई को विस्तृत रूप से बताया एवं सैनिकों के दृढ़ निश्चय एवं साहस के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, एनसीसी के कैडेट तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभागीय कलाकार द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में शानदार प्रस्तुति दी गई।

### उप-मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कारगिल विजय दिवस पर अतुलनीय साहस और शौर्य से दुश्मनों को पराजित कर दुनिया में भारतीय सेना का डंका बजाने वाले मां भारती के अमर शहीद वीर सपूतों को नमन किया है।

## राजस्व महाअभियान में एडीएम और एसडीएम ने 746 प्रकरण किए निराकृत

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान के तहत लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक एडीएम तथा एसडीएम ने राजस्व महाअभियान में 746 प्रकरणों का निराकरण किया। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अपर कलेक्टर न्यायालय में 220 प्रकरणों का निराकरण किया गया। एसडीएम हुजूर न्यायालय में 186, एसडीएम गुढ़ में 55, एसडीएम त्योंथर में 74, एसडीएम जवा 84 तथा एसडीएम सिरमौर न्यायालय में 43 प्रकरणों का निराकरण किया गया। एसडीएम सेमरिया न्यायालय में 27, एसडीएम मनगवां में 35 तथा एसडीएम रायपुर कर्चुलियान न्यायालय में 22 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

# विचारधारा के प्रति समर्पित रहा प्रभात झा का पूरा जीवन: जनार्दन

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रभात झा का वेदांता हॉस्पिटल दिल्ली में उपचार के दौरान शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने दिल्ली वेदांता हॉस्पिटल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर संतान दी श्री झा कोश्रद्धांजलि अर्पित की।

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा जी के निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रभात झा जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रभात जी एक प्रतिभाशाली पत्रकार, कुशल संगठक और जनता से जुड़े राजनेता थे। मध्यप्रदेश में पार्टी संगठन के विस्तार एवं उसे सुदृढ़ बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रभात झा जी ने अपना पूरा जीवन विचारधारा के लिए समर्पित कर दिया। पार्टी संगठन में अपने सुदीर्घ कार्यकाल में उन्होंने विभिन्न पदों पर काम किया और इस दौरान उनका मार्गदर्शन तथा स्नेह मेरे जैसे कार्यकर्ताओं को लगातार मिलता रहा।

### आजीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित रहे प्रभात: शुक्ल

प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्री प्रभात झा जी के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। वे राष्ट्रसेवा में आजीवन समर्पित रहे, ऐसे कर्मठ व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व परिजनों और समर्थकों को यह विकट दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

श्री प्रभात झा जी ने मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के रूप में संगठन के विस्तार और कार्यकर्ताओं को गढने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सादगी, स्पष्टता एवं सौम्यता उनके व्यक्तित्व को अन्य लोगों से अलग बनाती थी। उनका यूं अचानक जाना भाजपा परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अपूर्णीय क्षति है।

### राष्ट्रसेवा में आजीवन जुटे रहे प्रभात : कमलेश्वर

भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह ने प्रभात झा के निधन पर गहरी शोक संवेदना वित्त करते हुए कहा कि प्रभात जी का निधन संगठन एवं समाज के साथ ही उनके लिए व्यक्तिगत रूप से अपूर्णीय क्षति है। प्रभात जी से उनके संबंध सदैव अत्यधिक आत्मीय एवं प्रगाढ़ रहे हैं। प्रभात जी लेखनी के धनी थे और उनके आलेख विचारोत्तेजक होते थे।

## राजस्व महाअभियान में 4825 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रीवा।** जिले भर में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अब तक विभिन्न राजस्व न्यायालयों में 4825 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अपर कलेक्टर तथा एसडीएम न्यायालयों में 746 प्रकरण निराकृत किए गए। तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों में 4079 प्रकरणों का अभियान के दौरान किया गया। इनमें अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा अभिलेखों में सुधार के प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि तहसीलदार हुजूर ने 525, नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ 134, नायब तहसीलदार बनकुइयाँ ने 267, तहसीलदार सिरमौर ने 113 तथा नायब तहसीलदार बैकुण्ठपुर ने 230 प्रकरणों का निराकरण किया। नायब तहसीलदार लालगांव ने 212, नायब तहसीलदार शाहपुर ने 267, तहसीलदार मनगवां ने 124, नायब तहसीलदार गढ़ ने 124, नायब तहसीलदार सूरा ने 162 तथा नायब तहसीलदार डेल्ही ने 32 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान ने 136, नायब तहसीलदार मनिकवार ने 203, नायब तहसीलदार पहड़िया ने 179, तहसीलदार त्योंथर ने 52, नायब तहसीलदार रायपुर सोनौरी ने 83 तथा नायब तहसीलदार चाक ने 109 प्रकरणों का निराकरण किया। तहसीलदार जवा ने 41, नायब तहसीलदार गढ़ी ने 125, नायब तहसीलदार अतरैला ने 57, नायब तहसीलदार डभौरा ने 164, तहसीलदार गुढ़ ने 131 तथा नायब तहसीलदार दुआरी ने 292 प्रकरणों का निराकरण किया।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सम्पन्न



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में बाल संप्रेक्षण गृह में गत दिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव श्री आशीर्वाद भिलाला द्वारा किशोर न्याय अधिनियम एवं बालकों को विधिक सेवा योजना नालसा एवं सालसा के योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा ने नि:शुल्क विधिक सहायता बारे में बताया। डिफ्रेस कौसिंल अनीश कुमार पाण्डेय एवं बालकगण उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला 31 जुलाई को

**रीवा।** मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये जिला रोजगार कार्यालय शिल्पी प्लाजा बी ब्लाक में 31 जुलाई को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि एलएण्डटी (आईसेक्ट) कंपनी में ट्रेनींज पद के लिए 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा/बी.ई. पास इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती जिन्हें 11 हजार से 20 हजार वेतनमान मिलेगा भाग ले सकते हैं। जबकि ट्रेनीज पद में 19 से 28 वर्ष के युवा आईटीआई इलेक्ट्रीशियन/ फिटर/ टर्नर पद पर 11 हजार से 13 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान के लिए युवा आवेदन कर सकते हैं।

इसी प्रकार ग्रेट गेलियान बेंचर्स लिमिटेड (आईसेक्ट) कंपनी में ट्रेनीज युवक-युवती जिनकी आयु 19 से 28 वर्ष हो तथा जो बीएससी, आईटीआई डिप्लोमा (एमई) इलेक्ट्रीशियन /फिटर/टर्नर/ बेल्डर पास हो भाग ले सकते हैं जिन्हें प्रतिमाह 12 हजार से 14 हजार रूपये वेतनमान मिलेगा। प्रगतिशील बायोटेक रीवा कंपनी के लिए सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स आफीसर पद के लिए 18 से 40 वर्ष आयु के 12वीं, बीएससी (एजी), एमएससी (एजी) तथा एमबीए पास युवक-युवतियों को 8500 रूपये से 22 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान देय होगा जबकि एचडीएफ लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में इंश्योरेंस एडवाइजर पद के लिए 18 से 45 आयु के 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक पास युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं जिन्हें प्रतिमाह 12 हजार से 25 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान देय होगा।

अभ्यर्थियों को अपने साथ अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं पासपोर्ट साइज दो फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## सभी आहरण संवितरण अधिकारी वेतन आज तक करें जनरेट

**रीवा।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 जुलाई तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी उक्त तिथि तक अनिवार्यत: वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक अगस्त को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है।

## राजस्व महाअभियान में त्योंथर तहसील में 17 गांवों में हुआ बी-1 का वाचन

**रीवा।** जिले भर में राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। राजस्व महाअभियान में त्योंथर तहसील के 17 गांवों में बी-1 का वाचन किया गया। इन गांवों में बी-1 के वाचन के बाद फौती नामांतरण के 60 तथा अविवादित बंटवारे के 11 प्रकरण दर्ज किए गए। इस संबंध में एसडीएम संजय जैन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा के साथ राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक बी-1 का वाचन करते हैं। साथ ही पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक किसान सम्मान निधि के आवेदन पत्रों में ई केवाईसी दर्ज करा ने के साथ किसानों के बैंक खाते खुलवा रहे हैं। शिविरों में ई केवाईसी के 53 प्रकरण निराकृत किए गए। इसी तरह 20 किसानों के एनपीसीआई बैंक खाते खुलवाए गए तथा 113 खसरों में आधार और समग्र की सीडिंग की गई।

# नव साक्षरता कार्यक्रम की गतिविधियाँ जारी



**रीवा।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा उल्लास नव साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में साक्षरता दर को बढ़ाने के उद्देश्य से 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को नव साक्षर करने हेतु सामाजिक चेतना केन्द्रों में पठन-पाठन का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में अक्षर साथी अक्षर पोथी के माध्यम से पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी नीरज नयन तिवारी ने बताया कि नव साक्षरता कार्यक्रम की गतिविधियाँ जारी हैं। नव साक्ष्ररों को साक्षर करने के लिए सभी विकासखण्डों में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने नव साक्षरों से अपेक्षा की है कि वह सामाजिक चेतना केन्द्रों में आकर साक्षर होकर जिले का मान व सम्मान बढ़ाएं। शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी एवं शिक्षक ग्रामों में असाक्षरों की पहचान कर अध्ययन केन्द्रों में भेजकर नव साक्षर करने का कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में सभी बीआरसी, जन शिक्षक, सह समन्वयक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों का सहयोग लिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में सत्र 2024-25 में एक लाख 30 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 सितम्बर तक किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होगी। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय आवासीय विद्यालय हैं जहाँ निःशुल्क शिक्षा के साथ बालक-बालिकाओं के अलग-अलग छात्रावासों में निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी जिस जिले का मूल निवासी है और शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उसी जिले में स्थित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में शिक्षा ग्रहण कर रहा है वह पात्र होगा। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शैक्षणिक सत्र का अध्ययन कर रहे विद्यार्थी जो कक्षा 3 व 4 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा जन्मतिथि 31 जुलाई 2015 से एक मई 2023 के मध्य होनी चाहिए प्रवेश ले सकते हैं।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

**रीवा।** मध्यप्रदेश पर्यटन संपदाओं से भरा-पूरा प्रदेश है। प्रदेश के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में 27 जुलाई को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई है। क्विज प्रतियोगिता के लिए लिखित परीक्षा सीएम राइज पीके स्कूल में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपरान्ह 2.30 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक किया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराना है। प्रतियोगिता के विजेताओं को उचित पुरस्कार दिया जायेगा।

## जिले में अब तक 134.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बादल छाये हुए हैं। लगभग सभी तहसीलों में बारिश हो रही है। जिले में 26 जुलाई को 12.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 134.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। किसानों को धान की बोनी के लिए अभी भी अच्छी वर्षा का इंतजार है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 181.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 58.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 218 मिलीमीटर, सिरमौर में 194.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 83 मिलीमीटर, सेमरिया में 144 मिलीमीटर, मनगवां में 100 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 98 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 138.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

# कोर कमेटी की बैठक संपन्न

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में गत दिवस कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कमेटी के सदस्य विभिन्न विभागों में संपादित किए जा रहे कार्यक्रमों एवं योजनाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। शासन द्वारा संचालित किए जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम, बी-1 के वाचन आदि की कार्यवाही में अपनी सहभागिता निभाएं। तहसीलदार हुजूर की नियमित न्यायालय में उपस्थिति रहे ताकि राजस्व महाअभियान के संकल्प को पूरा किया जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्य संपादन कराने के लिए कोर कमेटी के सदस्यों को विभागवार प्रभारी नियुक्त किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शहर के सभी वार्डों के उचित स्थलों में पौधारोपण कराने की बात कही।

# फाईलेरिया उन्मूलन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी और हनुमना विकासखण्ड में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्री ट्रांसमिशन एसेसमेंट सर्वे गतिविधि प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को विगत दिवस प्रशिक्षण दिया गया। सर्वे के लिए संबंधित ब्लाकों के तीन-तीन क्षेत्रों को फाईलेरिया हाई रिक्स के रूप में चिन्हित किया गया है। सिविल हास्पिटल मऊगंज में डब्ल्यूएचओ के स्टेट क्वार्डिनेटर डॉ देवेन्द्र सिंह तोमर तथा भोपाल के फाईलेरिया कन्सल्टेंट पवन मेहरा ने अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि फाईलेरिया की जाँच के लिए टेस्ट किट प्रदान की जाएगी। इस किट के माध्यम से 20 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की जाँच कर फाईलेरिया संक्रमण स्तर की जाँच की जाएगी। जाँच के बाद फाईलेरिया के लक्षण वाले मरीजों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराकर उन्हें फाईलेरिया (हाथीपाँव तथा हाईड्रोसिल) से मुक्त कराते हुए जैसी स्थिति निर्मित होने से बचाना है। प्रशिक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव, बीएमओ नईगढ़ी डॉ एसडी कोल, एम्बेड प्रोजेक्ट के स्टेट क्वार्डिनेटर डॉ संतोष भार्गव, सर्वे गतिविधि के लिए चिन्हित मेडिकल आफीसर, मलेरिया निरीक्षक, लैब टेक्नीशियन, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833